आवस्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास

वर्ष : 5 | अंक : 123 | हापुड़, सोमवार 18 नवम्बर 2024 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज़: 06



## अखिलेश यादव ने कहा कि जनता ने लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन को रिकार्ड मतों से जिताकर भाजपा को यूपी में नम्बर दो की पार्टी बना दिया





लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कटेहरी विधानसभा उपचुनाव में विशाल चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया। यादव ने कटेहरी विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी श्रीमती शोभावती वर्मा को भारी मतों से जिताने की अपील की। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता ने लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन को रिकार्ड मतों से जिताकर भाजपा को यूपी में नम्बर दो की पार्टी बना दिया। जबसे भाजपा लोकसभा चुनाव हारी है, इनके नेताओं को नींद नहीं आ रही है। प्रदेश में नौ सीटों पर हो रहा उपचुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। भाजपा उपचुनाव तो हारेगी ही, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव भी हारेगी उसके बाद मुख्यमंत्री जी कुर्सी छिन जायेगी। मुख्यमंत्री जी समाज में नफरत का बारूद बिछा रहे हैं। भेदभाव कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ उन्हीं की पार्टी के लोग उन्हें हटाने के लिए उनकी कुर्सी तक सुरंग खोद रहे हैं। इनके डिप्टी सीएम दिल्ली का गाना बजा रहे है। श्री यादव ने कहा कि जबसे समाजवादी पार्टी ने पीडीए का नारा दिया है। मुख्यमंत्री जी घबराए हुए है। भाजपा सरकार ने पीडीए को कुछ नहीं दिया। पीडीए से नफरत करते हैं। अब तो इन्होंने किसानों से डीएपी और अन्य खादे भी छीन ली। अभी तक बोरी में चोरी करते थे अब पूरी बोरी ही गायब कर दिए है। यह सरकार किसानों को खाद नहीं दे पा रही है। खाद की कालाबाजारी हो रही है। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि आज किसानों का समर्थन समाजवादी पार्टी के साथ है। हम सड़क से संसद तक किसानों की लड़ाई लड़ेंगे। समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर किसानों के हित में बड़े फैसले लेंगे। उनकों आगे बढ़ाने का काम करेंगे। ये जो अंग्रेजों के विचार वंशी है सब उल्टा काम कर रहे है। समाज में नफरत घोल रहे है। कटुता फैला रहे हैं। दूरियां पैदा कर रहे हैं। पीडीए की एकजुटता से डरे है। उपचुनाव में हार के डर से हिले हुए है। मुख्यमंत्री जी अब अधिकारियों को आगे कर चुनाव लड़ना चाहते है। लेकिन इस बार जनता और समाजवादी पार्टी तैयार है। जनता भाजपा को हरायेगी। श्री यादव ने कहा कि यह उपचुनाव 2027 के विधानसभा चुनाव का संदेश है। हर वर्ग भाजपा से नाराज है। सभी ने देखा कि प्रयागराज में प्रतियोगी परीक्षाओं के नौजवान भाजपा सरकार के साजिश के खिलाफ लोकसेवा आयोग के सामने धरने पर बैठ गए और सरकार को झुकाने का काम किया। भाजपा के लोग डरे हुए है। ये जनता का सामना नहीं कर सकते है। इन्होंने जनता के लिए कोई काम नहीं किया। भाजपा की लखनऊ और दिल्ली की सरकारों ने मुनाफाखोरी करके महंगाई बढ़ाई है। आज बाजारों में जो महंगाई है, वह भाजपा की देन है। महंगाई के कारण लोग खुशी से त्योहार भी नहीं मना पाये। किसानों को बिजली का बिल महंगा देना पड़ रहा है। भाजपा ने स्वास्थ्य सेवाएं बर्बाद कर दी। अस्पतालों को चौपट कर दिया। गरीब को इलाज नहीं मिल रहा हैं। जिस तरह से गोरखपुर में ऑक्सीजन की कमी से इस सरकार में बच्चों की मौत हुई थी। उसी तरह से भाजपा सरकार की नाकामी से झांसी मेडिकल कॉलेज में मेंटेनेंस न होने से शार्ट सर्किट की वजह से 10 बच्चों की मौत हो गयी। कई बच्चे झुलस गए। इसके लिए सरकार जिम्मेदार है। भाजपा ने सब कुछ बर्बाद कर दिया है। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जनता को डराकर, दबाव डालकर वोट लेना चाहती है। भाजपा जनता का अधिकार छीनना चाहती है। वोट देने का अधिकार छीनकर भाजपा बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के बनाए संविधान को कमजोर कर रही है। इस वोट के अधिकार की वजह से लोकतंत्र है। अगर भाजपा वोट डालने से रोकेगी तो हम समाजवादी लोग हर तरह की लड़ाई लड़ेंगे और वोट जरूर डालेंगे। श्री यादव ने जनता से हर हालत में वोट डालने की अपील करते हुए कहा कि अगर वोट डालने से कोई एक बार रोके तो दोबारा जाना, अगर फिर रोके तो तीसरी बार जाना लेकिन वोट जरूर डालना है। समाजवादी लोग घबराते नहीं है। काउंटिंग के दिन तक लड़ते है। ये चुनाव समाजवादी पार्टी का है। मुख्यमंत्री जी विकास की बात नहीं करते है। उनके पास आम जनता को बताने के लिए कोई काम नहीं है। वे केवल समाजवादियों को बुरा-भला बोलते रहते है। समाजवादी सरकार में विकास के काम हुए थे। पुलिस के लिए 100 नम्बर वाले तत्काल समस्या का समाधान करते थे अब थाने बुलाकर हिसाब किताब करते है। भाजपा ने सारी व्यवस्था को नुकसान पहुंचाया है। इससे पहले अयोध्या एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी और भाजपा के नेता डरे हुए है। भाजपा के नेता जिस तरह की भाषा बोल रहे है, पहले इसी तरह की भाषा का प्रयोग अंग्रेज करते थे। अंग्रेजों ने फूट डालो, राज करो की नीति पर काम किये थे, अब भाजपा भी वहीं कर रही है। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि वस्त्रों से कोई योगी नहीं बनता है। भाषा, व्यवहार और विचार से योगी बनते है। भाजपा के लोग समाज में नफरत फैला रहे है। सौहार्द खत्म करने का प्रयास कर रहे है। मुख्यमंत्री जी पीडीए से घबराये हुए है। समाज जुड़ेगा, भाजपा को हरायेगा। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों को पैदावार की कीमत नहीं मिल रही है। नौजवानों के लिए नौकरी, रोजगार नहीं है। पढ़े-लिखे प्रतियोगी छात्रों को धरना देना पड़ रहा है।

जो वन नेशन वन इलेक्शन की बात करते है, वे एक साथ एक परीक्षा नहीं करा सकते हैं। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। जनता के बुनियादी सवाल वहीं है। भाजपा के एजेण्डे में नौकरी और रोजगार नहीं है। भाजपा परीक्षा टालती है। डेट बदलती है। परीक्षा उलझाती है। इस बार किसान, नौजवान, व्यापारी हर वर्ग के लोग भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए तैयार है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा तमाम हथकंडे अपनाने के बाद भी मिल्कीपुर चुनाव हार रही थी, इसीलिए चुनाव टाल दिया है। जिन्होंने चुनाव टाला है वह हारेंगे।

उन्होंने कहा कि झांसी की घटना सरकार की लापरवाही है। जब गोरखपुर की घटना हुई थी तभी सावधान हो जाना चाहिए था। सरकार मेडिकल कॉलेज को पर्याप्त बजट नहीं दे रही है। सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं करती है। सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है।

## महाराष्ट्र चुनाव - कंगना रनौत ने नागपुर में भाजपा उम्मीदवार के लिए रोड शो किया



नागपुर । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने महाराष्ट्र के नागपुर में पार्टी के एक उम्मीदवार के लिए रविवार को रोड शो किया। कंगना ने भाजपा उम्मीदवार प्रवीण दटके के लिए प्रचार किया। दटके नागपुर सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। अभिनेत्री ने शहर के बंगाली पंजा इलाके से रोड शो की शुरुआत की। इसके अलावा, वह नागपुर पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र में भी रोड शो करेंगी। दटके राज्य विधान परिषद के सदस्य और पार्टी की नगर इकाई के पूर्व प्रमुख हैं। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीट पर 20 नवंबर को एक चरण में मतदान होगा, जबकि मतगणना 23 नवंबर को की जाएगी।

## बालासाहेब ठाकरे की 12 वीं पुण्यतिथि पर राहुल गांधी ने उन्हें किया याद



नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को दक्षिणपंथी मराठी और हिंदू राष्ट्रवादी पार्टी शिवसेना के संरक्षक बालासाहेब ठाकरे की 12वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी और उन्हें याद कयिा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा बालासाहेब ठाकरे जी को उनकी 12वीं पुण्यतिथि पर याद करता हूं। मेरी संवेदनाएं उद्धव ठाकरे, आदित्य और पूरे शिवसेना परिवार के साथ हैं। बाल केशव ठाकरे, जिन्हें बालासाहेब ठाकरे के नाम से जाना जाता है, एक कार्टूनिस्ट और राजनीतिज्ञ थे, जिन्होंने शिवसेना की स्थापना की थी। अपने शुरुआती पेशेवर दिनों में ठाकरे बॉम्बे स्थित अंग्रेजी दैनिक द फ्री प्रेस जर्नल के लिए कार्टूनिस्ट थे, जिसे उन्होंने 1960 में छोड़ दिया और अपना खुद का राजनीतिक साप्ताहिक %मार्मिक% स्थापित किया। उनका राजनीतिक दृष्टिकोण काफी हद तक उनके पिता केशव सीताराम ठाकरे से प्रभावित था, जो संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन के एक अग्रणी नेता थे, जो मराठी भाषियों के लिए एक अलग भाषाई राज्य के निर्माण की वकालत करते थे। बाल ठाकरे ने मार्मिक के माध्यम से मुंबई में गैर-मराठियों के बढ़ते प्रभाव के खिलाफ अभियान चलाया। 1960 के दशक के अंत और 1970 के दशक की शुरुआत में ठाकरे ने शिवसेना का गठन किया। उन्होंने मराठी भाषा के अखबार %सामना% की भी स्थापना की। 90 के दशक की शुरुआत में हुए दंगों के बाद ठाकरे और उनकी पार्टी ने हिंदुत्व का रुख अपनाया। 1999 में धर्म के नाम पर वोट मांगने के आरोप में उन्हें छह साल के लिए वोट देने और चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। ठाकरे ने कोई आधिकारिक पद नहीं संभाला। उनके बेटे उद्धव बाल ठाकरे ने 2019 से 2022 तक महाराष्ट्र के 19वें मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने 2006 से 2019 तक शिवसेना के साथ-साथ सामना के प्रधान संपादक के रूप में नेतृत्व संभाला। महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य उद्धव ठाकरे शिवसेना (यूबीटी) दोनों के अध्यक्ष हैं। उद्धव ठाकरे के बेटे और बालासाहेब ठाकरे के पोते आदित्य उद्धव ठाकरे शिव सेना की युवा शाखा युवा सेना के अध्यक्ष हैं। मुंबई के वर्ली से विधायक आदित्य ठाकरे महाराष्ट्र सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री और पर्यटन एवं पर्यावरण मंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं।

## नाइजीरिया पहुंचे पीएम मोदी, ऐतिहासिक यात्रा पर गर्मजोशी से स्वागत के लिए राष्ट्रपति टीनुबू को दिया धन्यवाद










नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पांच दिवसीय विदेश यात्रा के पहले चरण में नाइजीरिया पहुंच गए हैं। श्री मोदी नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू के निमंत्रण पर पश्चिम अफ्रीकी देश की यात्रा कर रहे हैं। श्री मोदी के अबुजा हवाई अड्डे पर पहुंचने पर उनका गर्म जोशी से स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति श्री टिनुबू का आभार जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स एक पोस्ट में कहा, %धन्यवाद राष्ट्रपति टिनुबू। अब से थोड़ी देर पहले नाइजीरिया में उतरा हूं। हार्दिक स्वागत के लिए आभार जताता हूं। कामना करता हूं कि इस यात्रा से हमारे दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध और प्रगाढ़ होंगे। इससे पहले श्री टिनुबू ने एक्स पर अपने पेज पर भारतीय प्रधानमंत्री के स्वागत में लिखा, %मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उनकी पहली नाइजीरिया यात्रा पर स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं। यह 2007 के बाद भारत के किसी प्रधानमंत्री की मेरे प्यारे देश की पहली यात्रा है। हम अपनी द्विपक्षीय बातचीत में दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंध के विस्तार और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के संवर्धन पर चर्चा करेंगे। श्री मोदी के अबुजा पहुंचने पर लोगों ने उनका अभूतपूर्व तरीके से स्वागत किया। श्री मोदी के प्रति नाइजीरिया के लोगों के विश्वास और सम्मान के प्रतीक के रूप में उन्हें अबुजा शहर की कुंजी भेंट की गई। वहां रह रहे मराठी समुदाय के लोगों ने प्रधानमंत्री का विशेष रूप से स्वागत किया और उन्हें मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। श्री मोदी के स्वागत में एक टोली ने उनके समक्ष लावणी लोक नृत्य प्रस्तुत किया।

उनके स्वागत में एक युवा पर्वतारोही भी उपस्थित है जिसने श्री मोदी की फोटो के साथ किलिमंजारो पर्वत चोटी की चढ़ाई की थी। इससे पहले श्री मोदी ने पालम वायुसैनिक अड्डे से विशेष विमान से रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में जी-20 शिखर सम्मेलन में ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं तथा %एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य% के भारत के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए सार्थक चर्चा की आशा जताई। श्री मोदी ने कहा,मैं नाइजीरिया, ब्राज़ील और गुयाना की पाँच दिवसीय यात्रा पर जा रहा हूँ। राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू के निमंत्रण पर यह नाइजीरिया की मेरी पहली यात्रा होगी, जो पश्चिम अफ्रीकी क्षेत्र में हमारा करीबी भागीदार है। मेरी यात्रा हमारी रणनीतिक साझीदारी को आगे बढ़ाने का अवसर होगी जो लोकतंत्र और बहुलवाद में साझा विश्वास पर आधारित है। मैं भारतीय समुदाय और नाइजीरिया के दोस्तों से मिलने का भी उत्सुकता से इंतजार कर रहा हूं जिन्होंने मुझे हिंदी में गर्मजोशी से स्वागत संदेश भेजे हैं। श्री मोदी ने कहा,%ब्राजील में मैं ट्रोइका सदस्य के रूप में 19वें जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा।

पिछले साल, भारत की सफल अध्यक्षता ने जी-20 को लोगों के जी-20 के रूप में ऊपर उठाया और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को अपने एजेंडे में मुख्यधारा में शामिल किया। इस वर्ष ब्राज़ील ने भारत की विरासत को आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने कहा,%राष्ट्रपति मोहम्मद इरफ़ान अली के निमंत्रण पर मेरी गुयाना यात्रा 50 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी। हम अपने अनूठे रिश्ते को रणनीतिक दिशा देने पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे, जो साझा विरासत, संस्कृति और मूल्यों पर आधारित है।

मैं सबसे पुराने भारतीय प्रवासियों में से एक के प्रति भी अपना सम्मान व्यक्त करूंगा जो 185 साल से भी अधिक समय पहले प्रवासित हुए थे और उनकी संसद को संबोधित करते हुए एक साथी लोकतंत्र को शामिल करूंगा। श्री मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के ब्राजील , नाईजीरिया एवं गुयाना की पांच दिवसीय यात्रा पर शनिवार को रवाना हुए।

## डीआरडीओ ने लंबी दूरी की पहली हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया



नई दिल्ली । रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लंबी दूरी की पहली हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया है।

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि यह परीक्षण शनिवार को देर रात ओडिशा के तट पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया। इस हाइपरसोनिक मिसाइल को सशस्त्र बलों के लिए 1,500 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर विभिन्न पेलोड ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। मिसाइल को विभिन्न डोमेन में तैनात विभिन्न रेंज प्रणालियों द्वारा ट्रैक किया गया था। उड़ान डेटा ने सफल टर्मिनल युद्धाभ्यास और उच्च सटीकता के साथ प्रभाव की पुष्टि की है। इस मिसाइल को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल कॉम्प्लेक्स, हैदराबाद की प्रयोगशालाओं के साथ-साथ विभिन्न अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और उद्योग भागीदारों द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। उड़ान-परीक्षण डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों और सशस्त्र बलों के अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में उड़ान-परीक्षण को ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि बताया, जिसने भारत को महत्वपूर्ण और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकियों की क्षमताओं वाले चुनिंदा देशों के समूह में डाल दिया है। उन्होंने सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और उद्योग को बधाई दी।रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने इस सफल मिशन में सक्रिय योगदान देने वाली डीआरडीओ की टीम को बधाई दी।

# संपादकीय

## एहसान ( बाल कहानी )

एक बहेलिया था। एक बार जंगल में उसने चिड़िया फंसाने के लिए अपना जाल फैलाया। थोड़ी देर बाद ही एक बाज़ उसके जाल में फंस गया। वह उसे घर लाया और उसके पंख काट दिए। अब बाज़ उड़ नहीं सकता था, बस उछल उछलकर घर के आस-पास ही घूमता रहता।

उस बहेलिए के घर के पास ही एक शिकारी रहता था। बाज़ की यह हालत देखकर उससे सहन नहीं हुआ। वह बहेलिए के पास गया और कहा- मित्र, जहां तक मुझे मालूम है, तुम्हारे पास एक बाज़ है, जिसके तुमने पंख काट दिए हैं। बाज़ तो शिकारी पक्षी है। छोटे-छोटे जानवर खा कर अपना भरण-पोषण करता है। इसके लिए उसका उड़ना जरूरी है। मगर उसके पंख काटकर तुमने उसे अपंग बना दिया है। फिर भी क्या तुम उसे मुझे बेच दोगे? बहेलिए के लिए बाज़ कोई काम का पक्षी तो था नहीं, अत: उसने उस शिकारी की बात मान ली और कुछ पैसों के बदले बाज़ उसे दे दिया। शिकारी बाज़ को अपने घर ले आया और उसकी दवा-दारू करने लगा। दो माह में बाज़ के नए पंख निकल आए। वे पहले जैसे ही बड़े थे। अब वह उड़ सकता था। जब शिकारी को यह बात समझ में आ गई तो उसने बाज़ को खुले आकाश में छोड़ दिया। बाज़ ऊंचे आकाश में उड़ गया। शिकारी यह सब देखकर बहुत प्रसन्न हुआ। बाज़ भी बहुत प्रसन्न था और शिकारी बहुत कृतज्ञ था। अपनी कृतज्ञता प्रकट करने के लिए बाज़ एक खरगोश मारकर शिकारी के पास लाया। एक लोमड़ी, जो यह सब देख रही थी, बाज़ से बोली- मित्र! जो तुम्हें हानि नहीं पहुंचा सकता उसे प्रसन्न करने से क्या लाभ?

इसके उत्तर में बाज़ ने कहा- व्यक्ति को हर उस व्यक्ति का एहसान मानना चाहिए, जिसने उसकी सहायता की हो और ऐसे व्यक्तियों से सावधान रहना चाहिए जो हानि पहुंचा सकते हों। (सीख - व्यक्ति को सदा सहायता करने वाले का कृतज्ञ रहना चाहिए।)

## घर में लगी घड़ी बदल सकती है आपका भाग्य, जानिए कैसे



हमारे जीवन में बदलाव छोटी-छोटी चीजों से ही आते है। कई बार एक छोटा सा बदलाव हमारे जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। हमारे सामने आने वाली परेशानियां और चुनौतियों की मूल जड़ तक हमें पहुंचना चाहिए और इनके उपाय हमें वास्तु शास्त्र से ही मिलते है। आपके घर की दीवार पर लगी एक घड़ी भी वास्तु दोष उत्पन्न कर सकती है। जी हां यह बिल्कुल सही है। घड़ी ना केवल समय बताती है बल्की आपका समय भी बदल सकती है। घर में लगी घड़ी आपका भाग्य बदल सकती है। अगर आपके घर में सही दिशा में घड़ी नही लगी हुई है तो यह आपके लिए दु:खों का कारण भी बन सकती है। आज हम आपको बताने जा रहें है कि किस प्रकार से घड़ी आपके जीवन में बदलाव ला सकती है और किस दिशा में घड़ी को लगाना चाहिए। दुर्भाग्य का सूचक है बंद घड़ी एक कहावत प्रचलित है कि बंद घड़ी भी दिन में दो बार ठीक समय बताती है। लेकिन आपको यह शायद ही पता होगा की बंद घड़ी आपके भाग्य में कई तरह की विपदाएं उत्पन्न कर सकती है। वास्तु के अनुसार घर में रखी बंद घड़ी आपके जीवन में समस्याओं को पैदा कर सकती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में टूटी-फूटी घड़ी तथा बंद घड़ी दुर्भाग्य का सूचक होती है। इसलिए आज ही सबसे पहला काम आप यह करें की घर में मौजूद बंद और टूटी-फूटी घड़ी को हटा दें। इस दिशा में लगी घड़ी रोकेगी आपकी प्रगति हम घर में घड़ी लगाते समय दिशा का ध्यान नहीं देते है। जो वास्तु के अनुसार बिल्कुल ही गलत है। गलत दिशा में घड़ी लगाने से आपको आर्थिक हानि उठानी पड़ेगी साथ ही आपकी प्रगति भी नहीं होगी। वास्तु की मानें तो अगर घर में दक्षिण दिशा में घड़ी लगी हुई है तो घर का मुखिया सदैव बीमार रहेंगा। साथ ही साथ दक्षिण दिशा में घड़ी लगी रहने से प्रगति के अवसर नहीं मिलेंगे। इस दिशा में घड़ी लगाने से आपकी प्रगति रूक जाएगी आप आर्थिक रूप से तथा हर प्रकार से प्रगतिशील नही हो पाएंगे। अगर आपके घर की दक्षिण दिशा में घड़ी लगी हुई है तो उसे आप तत्काल आज ही उसे निकाल दें। इस दिशा में घड़ी लगाने से होती है उन्नति

अब आप जब भी घर में घड़ी लगाए तो दिशाओ का ध्यान रखें। आप इस बात का विशेष ध्यान रखे की जिस दीवार पर आप घड़ी लगा रहें है वो दक्षिण और पश्चिम दिशा में नहीं होनी चाहिए। नहीं तो आपको इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। वास्तु के अनुसार घड़ी पूर्व या उत्तर दिशा की दीवार पर लगाई जानी चाहिए। अगर पूर्व या उत्तर दिशा में घड़ी लगाई जाती है तो वास्तु के अनुसार आपको शुभ-लाभ और उन्नति प्रदान होगी। इस दिशा में घड़ी लगाने से आपके

## 16 नवंबर 2024 का पंचांग






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

सूर्योदय- 06.46 प्रात-
सूर्यास्त- 05.37 सायं
सूर्य राशि- वृश्चिक।
चंद्र उदय- 7.55 दोपहर
चंद्र अस्त- 10.16 प्रात-
चंद्रमा- मिथुन राशि मे।

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना
कार्तिक 17 पूर्णिमांत महीना मार्गशीर्ष- 03, पक्ष-कृष्ण पक्ष 03
तिथि-तृतीया सायं 06.56 तक बाद में चतुर्थी, नक्षत्र- मृगशिरा दोपहर 03.48 तक बाद में आद्रा,
योग-सिद्ध सायं 05.21 तक बाद में साध्य, करण- वणिज प्रात- 07.56 तक
बाद में विष्टी सायं- 06.56 तक बाद में बव प्रात- 06.06 तक बाद में बालव, राहु काल दोपहर- 07.30 से 09.00 बजे तक, कुलीक काल दोपहर- 01.30 से 03.00 बजे तक यमगंड प्रात- 10.30 से 12.00 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त- 11.50 से 12.33 तक, दुमुहूर्त दोपहर- 12.33 से 01.17 तक व 02.43 से
अमृत काल दोपहर- 02.27 से 03.27 तक 03.55 तक अमृत काल प्रात- 07.35 से 09.05 तक
ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.10 से 05.58 तक।

## आज 16 नवंबर का दैनिक राशिफल।

मेष-घरेलू स्तर पर काफी परेशानी आयेगी, टेंशन में वाहन चला रहे है तो भी ध्यान रखें, नवविवाहित हनीमून पर झगड़ सकते है, सही बर्ताव रखें।
भाग्य प्रतिशत-50

वृषभ- जान पहचान के लोग काम देंगे,अच्छी आय होगी,जीवन साथी अपने तरीके से कुछ करना चाहे तो थोड़ी आजादी दे, टेक्निकल कार्य में परेशानी होगी।
भाग्य प्रतिशत-58

मिथुन- पारिवारिक लोग मिलने आयेंगे,केस चल रहा है तो एक मौका सुलझने का मिलेगा ना खोए, करियर के लिए कोई दूसरी लाइन तलाश सकते है।
भाग्य प्रतिशत-52

कर्क- इम्यूनिटी कमजोर पड़ सकती है, सुबह की ठंड से बचे, ठंडे पानी से ना नहाए, लिखना और सुझाव देना ज्यादा करना पड़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-50

सिंह- मन में दृढ़ निश्चय आयेगा, किसी कार्य से अच्छी आय भी हो जाएगी, घर से दूर कहीं जाना भी हो सकता है।
भाग्य प्रतिशत-62

कन्या- दुविधाओं को त्यागे तो पाएंगे कि सफ़लता पा रहे है, किसी भी तरह की जल्दबाज़ी से बचे, रिस्क लेकर कार्य से आर्थिक लाभ दिखता है।
भाग्य प्रतिशत-58

तुला- बड़े बड़े सपने देखने में व्यस्त रहेंगे, असफ़लता मिली तो पचा नहीं सकेंगे धरातल पर रहे, अच्छी चीजें खरीद पाएंगे।
भाग्य प्रतिशत-52

वृश्चिक- सेहत को नजरंदाज ना करें बीमारी लंबी खींच सकती है, बड़े मौके मिल रहे है लेकिन काम लटक सकते है, आमदनी थोड़ा कम रह सकती है।
भाग्य प्रतिशत-48

धनु- अपने अधीनस्थ लोगों को दबा कर रखेंगे, उनसे लाभ भी ले लेंगे, विवाद से भी पैसा मिलेगा, किसी के शारीरिक आकर्षण से बचे।
भाग्य प्रतिशत-69

मकर- वक़ालत से पैसा मिलेगा, व्यवसाय की ब्रांडिंग में ज्यादा पैसा ना खर्च करें, जमीन कार्य से फ़ायदा रुक सकता है, बाहरी स्त्री से लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-56

कुम्भ- काम में कोई गलती निकाल सकता है उसको समझाना मुश्किल होगा, रिश्तेदारों से कोई नाराजगी भी रह सकती है, मन किसी गुरु के प्रति झुकेगा।
भाग्य प्रतिशत-51

मीन- फालतू झगड़ा ना पाले ना क्रोध करें, नया घर में सामान लगा सकते है, किसी आश्रम में जाने की इच्छा भी पूरी हो सकती है।
भाग्य प्रतिशत-56

## ठंड से परेशान हुई परिणीति चोपड़ा, बोलीं- 'ब्लैंकेट जिंदाबाद'



मुंबई । अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं। ये उनके स्टूडियो डेज की याद दिलाती हैं। इन पिक्स को 'इश्कजादे' अभिनेत्री ने मजेदार कैप्शन से सजाया है। इंस्टाग्राम पर अपने एक पसंदीदा 'स्टूडियो' में रिकॉर्डिंग के दौरान ली गई तस्वीरों और वीडियो को शेयर कर कैप्शन में लिखा स्टूडियो डे! लेकिन स्टूडियो में एसी का तापमान कौन सेट करता है। अभिनेत्री ने हैशटैग के साथ लिखा 'ब्लैंकेट जिंदाबाद'। शेयर किए गए पोस्ट में 'इश्कजादे' अभिनेत्री कॉफी का कप थाम बड़े अंदाज में सेल्फी लेते वक्त बोलती हैं अरे रिकॉर्डिंग। एक अन्य शॉर्ट वीडियो में वह 'इश्कजादे' का लोकप्रिय ट्रैक 'मैं परेशान मैं परेशान' गा रही हैं। 'इश्कजादे' के अपने को स्टार अर्जुन कपूर संग सेट पर बिताए पलों को भी एक्ट्रेस ने शेयर किया है। परिणीति की पोस्ट पर प्रशंसकों ने जमकर कमेंट्स किए। एक प्रशंसक ने लिखा हम हमेशा परेशान हैं, सुकून के लिए आपके गीतों की जरूरत है। एक अन्य ने लिखा, मेरी प्यारी दीदी, आपसे प्यार करता हूं। अभिनेत्री ने हाल ही में अपना खुद का यूट्यूब चैनल लॉन्च किया है और जिसकी घोषणा उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के माध्यम से की। उन्होंने कहा, मैं हमेशा एक बहुत ही निजी व्यक्ति रही हूं, मैं हमेशा मीडिया पर ज्यादा समय नहीं बिताती हूं, मैं अपने जीवन का केवल एक प्रतिशत सोशल मीडिया पर शेयर करती हूं। उन्होंने आगे कहा अब जब मैं अपने जीवन में बहुत कुछ कर रही हूं तो आखिरकार समय आ गया है कि मैं अपने जीवन के पर्दे के पीछे की बातों को प्रशंसकों संग शेयर करूं। अभिनेत्री ने आगे कहा मैं बहुत यात्रा करती हूं, मैं कुछ पागलपन भरे साहसिक काम, स्कूबा डाइविंग करती हूं, पढ़ती हूं और हमेशा गाती रहती हूं। इसलिए मैंने अपना यूट्यूब चैनल खोलने का फैसला लिया है। मैं बहुत उत्साहित हूं क्योंकि अब मुझे हर दिन किए गए अपने कामों के बारे में सबको जवाब नहीं देना पड़ेगा। वर्कफ्रंट की बात करें तो इसी साल इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित बायोपिक 'अमर सिंह चमकीला' में नजर आई थीं। फिल्म में उनके साथ मुख्य भूमिका में सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ थे।

## यो यो हनी सिंह के साथ जलवा बिखेरेंगी नोरा फतेही, 'पायल' सॉन्ग का टीजर रिलीज



मुंबई । बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही जल्द ही एक नए गाने में नजर आएंगी। उन्होंने यो यो हनी सिंह के साथ 'पायल' सॉन्ग के लिए कोलैब किया है। यो यो हनी सिंह और नोरा फतेही के गाने का टीजर रविवार को जारी कर दिया गया है। मेकर्स ने गाने का टीजर इंस्टाग्राम पर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा, अगली बड़ी चीज का समय आ गया है। उन्होंने यो यो हनी सिंह, नोरा फतेही और सिंगर पैराडॉक्स को टैग किया और बताया कि पायल सॉन्ग का वीडियो सोमवार को रिलीज होगा। इससे पहले यो यो हनी सिंह ने एक बिहाइंड द सीन रील शेयर की थी। इसमें उन्होंने बताया था कि उन्होंने म्यूजिक वीडियो को माइनस 3 डिग्री सेल्सियस में शूट किया है। उन्होंने नोरा की लगन की प्रशंसा करते हुए उन्हें बेहद मेहनती बताया। हनी सिंह ने कहा, मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं। जब दूसरे डांसर इस ठंड में म्यूजिक वीडियो के लिए परफॉर्म करने से मना कर रहे थे, तब नोरा शूटिंग के लिए उत्सुक थीं। 'पायल' के म्यूजिक वीडियो बनाने में बहुत मेहनत की जा रही है, जिसमें एकमात्र बेहद मेहनती और दिग्गज नोरा फतेही हैं। नोरा ने हनी सिंह के साथ 'पायल' सॉन्ग के लिए पहली बार कोलैब किया है। यह ट्रैक 18 नवंबर को जारी किया जाएगा, जो हनी सिंह के एल्बम 'ग्लोरी' का है। नोरा फतेही हाल ही में वरुण तेज के साथ फिल्म मटका में नजर आई थीं, ये फिल्म 14 नवंबर को रिलीज हुई है। नोरा नेटफ्लिक्स की अपकमिंग रोमांस सीरीज द रॉयल्स में भी नजर आएंगी, जिसमें भूमि पेडनेकर, ईशान खट्टर, जीनत अमान और मिलिंद सोमन जैसे कलाकार शामिल हैं।

वहीं, दूसरी ओर हनी सिंह अपने आगामी भारत दौरे के दौरान गायक एपी ढिल्लों के साथ परफॉर्म करेंगे। इसमें हर्ष लिखारी, दलेर मेहंदी और जैजी बी जैसे पंजाबी संगीत के दिग्गजों के शामिल होने की उम्मीद है।

## लगातार 4 हार के बाद तमिल थलाइवाज ने चखा जीत का स्वाद, बंगाल वारियर्स को 15 अंक से हराया

नोएडा । तमिल थलाइवाज ने लगातार चार हार के बाद फिर से जीत की पटरी पर वापसी कर ली है। नोएडा इंडोर स्टेडियम में शनिवर को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वे सीजन के 57वें मैच में थलाइवाज ने बंगाल वारियर्स को 46-31 के अंतर से हराया। डिफेंस द्वारा जुटाए गए 19 प्वाइंट्स की मदद से थलाइवाज को 10 मैचों में चौथी जीत मिली जबकि बंगाल को लगातार तीसरी हार मिली। थलाइवाज की जीत में रेडिंग से विशाल चहल (12), नरेंदर कंडोला (5) और मोइन शफागी (6) और डिफेंस से नितेश कुमार (6), आमिर हुसैन बस्तामी (7) का योगदान रहा। बंगाल की बात करें तो रेडिंग में नितिन (8) और विश्वास (9) के अलावा डिफेंस से नितेश (4) और फजल अतराचली (4) ने अच्छा प्रदर्शन किया। इस अहम मुकाबले में वारियर्स ने अच्छी शुरुआत कर 10 मिनट बाद 10-6 की लीड बना ली थी। इसमें विश्वास के सुपर रेड का योगदान है। दोनों टीमों ने हालांकि सावधान शुरुआत की थी। चार मिनट बाद स्कोर 2-2 था और फिर 4-4 हुआ लेकिन फिर बंगाल ने नितेश के टैकल्स की बदौलत तीन अंक की लीड लेकर विश्वास के सुपर रेड का इंतजार किया। ब्रेक के बाद थलाइवाज ने लगातार तीन अंक लेकर स्कोर 9-10 किया। फिर चार के डिफेंस विशाल ने सुपर रेड करते हुए न सिर्फ थलाइवाज को आगे किया बल्कि बंगाल को आलआउट की ओर धकेल दिया। फजल आए। बोनस लिया और लपके गए। पासा पलट चुका था। थलाइवाज 15-11 से आगे थे। आलइन के बाद बंगाल ने लगातार दो अंक के साथ स्कोर 13-15 किया लेकिन सचिन की जगह खेल रहे विशाल ने फासला तीन का कर दिया। अगली रेड पर विशाल ने फजल का शिकार कर बंगाल को बड़ा झटका दिया। फिर डू ओर डाई रेड पर विश्वास को लपक थलाइवाज ने स्कोर 18-13 कर लिया। बंगाल ने अपने डिफेंडरों के दम पर लगातार तीन अंक लेते हुए वापसी की राह पकड़ी और हाफटाइम तक स्कोर 16-18 कर दिया। हाफटाइम के बाद थलाइवाज ने दबदबा कायम रखा और जल्द ही पांच अंक की लीड ले ली। थलाइवाज रोके नहीं रुक रहे थे। स्थानापन्न के तौर पर आए सुशील को लपक नितेश ने चौथा शिकार किया। फिर थलाइवाज ने बंगाल को दूसरी बार आलआउट करते हुए 26-16 की लीड ले ली। आलइन के बाद बंगाल ने 1 के मुकाबले दो अंक लेकर वापसी करनी चाही लेकिन शफागी ने सुपर रेड के साथ उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। बंगाल एक बार फिर सुपर टैकल सिचुएशन में थे। विश्वास ने हालांकि दो अंक की रेड के साथ उसे इस स्थिति से निकाल दिया। अब 10 मिनट बाकी थे और थलाइवाज 32-20 से आगे थे। सागर के सेल्फ आउट होने से बंगाल फिर सुपर टैकल सिचुएशन में थे। वे इसका फायदा नहीं उठा सके और तीसरी बार आलआउट हो गए। विशाल ने सुपर-10 और थलाइवाज के नितेश ने हाई-5 पूरा किया। थलाइवाज अब 38-22 की लीड पर थे। बंगाल ने हालांकि शानदार वापसी करते हुए दो के मुकाबले छह अंक हासिल किए लेकिन लगातार तीन सुपर टैकल्स के साथ थलाइवाज ने उसकी वापसी की कोशिश बेकार कर दी।

## अक्षय कुमार को लेकर फिल्म बनायेंगे अजय देवगन



मुंबई । बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन, खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार को लेकर फिल्म बनाने जा रहे हैं। अजय देवगन और अक्षय कुमार ने हाल ही में प्रदर्शित फिल्म %सिंघम अगेन% में साथ में काम किया है। अजय देवगन और अक्षय कुमार एक नई फिल्म पर काम करने के लिए तैयार हैं। अजय देवगन इस फिल्म का निर्देशन करेंगे, जबकि अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में होंगे। अजय देवगन ने अक्षय कुमार के साथ अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है। अजय देवगन ने बताया कि यह कुछ ऐसा है जिसकी हम बाद में घोषणा करने वाले थे लेकिन मुझे लगता है कि यह एक बेहतरीन मंच है। हम पहले से ही एक साथ एक फिल्म पर चर्चा कर रहे हैं, जिसका मैं निर्देशन कर रहा हूं और अक्षय इसमें मुख्य कलाकार हैं। इस बारे में अभी ज्यादा कुछ बताना जल्दबाजी होगी। अजय देवगन ने बतौर निर्देशक फिल्म आई यू मी और हम, शिवाय रनवे 34 भोला बनायी है।

## बेटी राशा संग वैद्यनाथ धाम पहुंचीं रवीना टंडन



मुंबई । फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्री रवीना टंडन का भोलेनाथ से खासा लगाव है। कई बार ये दिखा भी है। मई 2024 में वो महाकाल के दर्शन को पहुंची थीं तो अब वो झारखंड में बाबा वैद्यनाथ धाम में दिखी हैं। बॉलीवुड में डेब्यू को तैयार राशा थडानी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर मां के साथ मंदिर की तस्वीरें पोस्ट कीं। राशा ने तस्वीरों को शेयर कर कैप्शन में लिखा वैद्यनाथ, बाबा वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग। शेयर की गई तस्वीरों में रवीना और राशा ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ माथे पर तिलक लगाए भक्ति में डूबी नजर आ रही हैं। मां-बेटी ने मंदिर के प्रांगण के साथ ही अपनी गाड़ी में तस्वीरों के लिए कई पोज दिए। बता दें कि अभिनेत्री अक्सर आध्यात्मिक यात्रा पर निकलती हैं और उसकी तस्वीरें प्रशंसकों के साथ शेयर करती रहती हैं। इससे पहले रवीना महाकाल मंदिर पहुंची थी और बाबा के दरबार में मत्था टेका था। आध्यात्मिक यात्रा की कड़ी में उनके साथ बेटी राशा थडानी भी नजर आती हैं। दोनों महाराष्ट्र के पुणे स्थित भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग भी पहुंची थी और दर्शन किए थे। इसके बाद वह नासिक स्थित त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, तमिलनाडु के रामनाथपुरम स्थित रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग में भी भक्ति में लीन नजर आई थीं। अभिनेत्री रवीना और राशा ने भारतभर में मौजूद 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने का संकल्प लिया है। इस कड़ी में वह कई ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर चुकी हैं। 12 ज्योतिर्लिंग में सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, त्र्यंबकेश्वर, वैद्यनाथ, ओंकारेश्वर, केदारेश्वर, भीमाशंकर, विश्वेश्वर (विश्वनाथ), नागेश्वर, रामेश्वर, घुष्मेश्वर शामिल हैं। राशा थडानी के वर्कफ्रंट की बात करें तो 'आजाद' से वो फिल्मी करियर की शुरुआत करने जा रही हैं। इसका फर्स्ट लुक पोस्टर भी आ चुका है। राशा के साथ मुख्य भूमिका में अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन अभिषेक कपूर कर रहे हैं।

## तेलंगाना सरकार पर भड़के दिलजीत दोसांझ, बोले- 'देश का कलाकार गाता है तो समस्या होती है'



मुंबई । मनोरंजन उद्योग इंडस्ट्री में अपने गानों से तहलका मचाने वाले गायक-कलाकार दिलजीत दोसांझ ने तेलंगाना सरकार के उस फरमान पर हमला बोला जिसमें उन पर पाबंदियां लगाने के निर्देश जारी किए गए थे। दिलजीत ने कहा जब दूसरे देशों के कलाकार यहां आते हैं तो उन्हें जो करना है करने की अनुमति मिल जाती है। वहीं, जब आपके अपने देश का कोई कलाकार गाता है तो लोगों को समस्या होती है। दोसांझ ने हैदराबाद कॉन्सर्ट के बाद अपनी बात सोशल प्लेटफॉर्म पर रखी। दोसांझ ने आगे कहा यहां तक कि मेरे कॉन्सर्ट की टिकटें शुरू होने के 2 मिनट के भीतर ही बिक जाती हैं, यह भी कई लोगों के लिए एक समस्या है। मैंने यहां तक पहुंचने के लिए कई साल तक कड़ी मेहनत की है, यह एक दिन में हासिल की गई प्रसिद्धि नहीं है। मैं लोगों को कोई साइबर अपराध होने पर लोगों को 1930 पर कॉल करके रिपोर्ट करने का सुझाव दूंगा। श्रोताओं के दिलों में खास जगह बना चुके सिंगर दिलजीत दोसांझ इस वक्त देश के अलग अलग हिस्सों में म्यूजिकल शो कर रहे हैं, जिसका नाम उन्होंने दिल लुमिनाटी रखा है। फैंस बेहद उत्साहित हैं और बड़ी संख्या में शामिल होकर एंजॉय करते नजर आ रहे हैं। तेलंगाना सरकार ने गायक को नोटिस जारी कर हिदायत दी कि वह 'दिल-लुमिनाटी' कॉन्सर्ट में शराब, ड्रग्स और हिंसा को बढ़ावा देने वाले गाने नहीं गा पाएंगे। दिलजीत को यह भी निर्देश दिया गया था कि वह कार्यक्रम के दौरान बच्चों को मंच पर नहीं लाएंगे। कॉन्सर्ट दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को इसमें आने की अनुमति नहीं दी जा सकती। दिलजीत बुधवार को हैदराबाद पहुंचे थे और सोशल मीडिया पर अपने शहर के दौरे के वीडियो पोस्ट किए। महिला एवं बाल कल्याण विभाग, विकलांग एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण विभाग के जिला कल्याण अधिकारी, रंगारेड्डी जिले ने 7 नवंबर को नोटिस जारी किया था। चंडीगढ़ के एक प्रोफेसर पंडितराव धरेनावर ने दोसांझ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने 26 और 27 अक्टूबर को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में लाइव शो का वीडियो पेश किया था। आरोप था कि दोसांझ शराब, ड्रग्स और हिंसा को बढ़ावा देने वाले गाने गा रहे थे। नोटिस में कहा गया था हम आपके लाइव शो में गानों के माध्यम से शराब/ड्रग्स/हिंसा को बढ़ावा देने से रोकने के लिए यह नोटिस पहले ही जारी कर रहे हैं। नोटिस में कार्यक्रम के प्रबंधक और आयोजकों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि साउंड लिमिट से अधिक न हो। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वयस्कों को 140 डेसिबल से अधिक ध्वनि के दबाव के संपर्क में नहीं आना चाहिए। बच्चों के लिए यह स्तर 120 डेसिबल तक कम कर दिया गया है। इसलिए बच्चों को आपके लाइव शो के दौरान मंच पर नहीं लाया जाना चाहिए, जहां साउंड 120 डेसिबल से अधिक हो।

## अक्टूबर में भारत में दोपहिया वाहनों की बिक्री ने बनाया रिकॉर्ड, 21.64 लाख यूनिट पहुंचा आंकड़ा



नई दिल्ली । सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल अक्टूबर में देश में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री 14.2 प्रतिशत बढ़कर 21.64 लाख यूनिट हो गई, जबकि अक्टूबर 2023 में यह आंकड़ा 18.96 लाख यूनिट था। कार और एसयूवी को मिलाकर यात्री वाहनों की बिक्री भी अक्टूबर में बढ़कर 3.93 लाख यूनिट के अपने उच्चतम मासिक स्तर पर पहुंच गई, जो अक्टूबर 2023 के 3.9 लाख यूनिट के उच्च आधार आंकड़े से 0.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, अक्टूबर 2024 में दो प्रमुख त्योहार दशहरा और दीपावली थे, दोनों एक ही महीने में पड़े, जो उच्च उपभोक्ता मांग बढ़ावा देने की वजह बने। इससे ऑटो इंडस्ट्री की परफॉर्मेंस को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला। यात्री वाहनों (पीवी) ने अक्टूबर 2024 में 3.93 लाख यूनिट की अपनी अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की, जो 0.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ पिछले अक्टूबर के उच्च आधार पर है। यह उच्च वृद्धि वाहन व्हीकल रजिस्ट्रेशन डेटा में भी दिखी, जिसमें अक्टूबर 2023 की तुलना में अक्टूबर 2024 में यात्री वाहनों और दोपहिया वाहनों दोनों के रजिस्ट्रेशन में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई। मेनन के अनुसार, हालांकि, पिछले साल के अक्टूबर की तुलना में तिपहिया वाहनों की बिक्री में मामूली 0.7 प्रतिशत की गिरावट आई। यह बिक्री अक्टूबर 2024 में 0.77 लाख यूनिट रही। पिछले अक्टूबर की तुलना में रजिस्ट्रेशन में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि दोपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि का श्रेय ग्रामीण आय में वृद्धि को जाता है क्योंकि इस साल सामान्य मानसून के कारण फसल की पैदावार बेहतर हुई, जिसके परिणामस्वरूप कृषि क्षेत्र में आय में वृद्धि हुई। सरकार द्वारा विभिन्न फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि से किसानों की आय में भी वृद्धि हुई है, जिसके कारण ग्रामीण परिवारों द्वारा उपभोग वस्तुओं पर अधिक व्यय किया गया है। यह भारत के फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) सेक्टर में भी देखा गया, जहां ग्रामीण क्षेत्रों में खपत शहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी है। नील्सनआईक्यू सर्वेक्षण के अनुसार, इस वर्ष जुलाई-सितंबर तिमाही में एफएमसीजी वस्तुओं की बिक्री में मूल्य के हिसाब से 5.7 प्रतिशत और मात्रा के हिसाब से 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो लगातार तीसरी तिमाही में ग्रामीण मांग के कारण हुई। इतना ही नहीं, यह शहरी बाजारों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## राहगीर महिला को एक ठग ने बनाया निशाना,बैग लेकर हुआ फरार पुलिस जांच में जुटी




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

बुलंदशहर। राहगीर महिला को एक ठग ने बनाया निशाना,बैग लेकर हुआ फरार।पीड़िता संगीता तथा उसकी बेटी पलक के मुताबिक बैग में थी 23 लाख रुपए की नकदी और आभूषण।अपने पुत्र व पुत्री के साथ पलवल से आई महिला खुर्जा के गांव धराऊं जा रही थी। खुद को परिचित बताकर मदद करने के बहाने स्कूटी सवार युवक ने ठगा बैग। घटना की सूचना पर सीओ व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची पीड़िता को साथ लेकर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस।खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र के सिटी स्टेशन रेलवे फाटक के निकट की घटना।

## झांसी मेडिकल कॉलेज अग्निकांड - मृतकशिशुओं की संख्या बढ़कर हुई 11



झांसी । उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में नवजात शिशु गहन चिकित्सा केंद्र (एनआईसीयू) में हुए भीषण अग्निकांड में मरने वाले शिशुओं की संख्या बढ़कर 11 हो गयी है। अस्पताल प्रशासन की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार जिन बच्चों का इलाज इमरजेंसी आईसीयू में चल रहा था उनमें से एक की आज इलाज के दौरान मौत हो गयी। बताया गया कि इस शिशु की मृत्यु जलने या झुलसने के कारण नही बल्कि सामान्य बीमारी के कारण हुई है। शुक्रवार देर रात हुए इस दुखद हादसे में 10 शिशुओं की मौत हो गयी थी और प्रशासन तथा अस्पताल प्रशासन द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार वार्ड में भर्ती 49 शिशुओं में से 38 शिशुओं को सुरक्षित बचा लिया गया था इनमें से तीन की हालत गंभीर थी। इस तीन में से ही एक शिशु की इलाज के दौरान आज मौत हो गयी। इस तरह इस हादसे में मरने वाले शिशुओं का आंकडा अब बढकर 11 हो गयी है।

## बरेली में महिला की सरेराह गोली मारकर हत्या

बरेली । उत्तर प्रदेश में बरेली शहर के बारादरी क्षेत्र में मोटरसाइकिल सवार युवकों ने एक महिला की सरेराह कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर क्षेत्र) मानुष पारीक ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि शनिवार रात लगभग 12 बजे रूपवती (45) नामक महिला अपने घर जा रही थी, तभी पीछे से आए मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात हमलावरों ने उसकी पीठ पर दो गोलियां मार दीं। उन्होंने बताया कि गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी आ गए तथा मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, मगर इलाज शुरू होने से पहले ही रूपवती ने दम तोड़ दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना से नाराज स्थानीय लोगों ने घटना स्थल पर रास्ता जाम कर दिया तथा अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर नाराज लोगों को कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम खुल सका। पारीक ने बताया कि अब तक की जानकारी में पारिवारिक विवाद की बात सामने आई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि बारादरी के संजय नगर की रहने वाली रूपवती का घर एक बारातघर के पास है और वह व उसका बेटा खाने पीने के सामान का ठेला लगाते थे। उनके मुताबिक, बारातघर के पास ठेला लगाने को लेकर रूपवती का अपने ही परिवार के ही कुछ लोगों से विवाद था। बहरहाल, मामले की जांच की जा रही है।

## सोनभद्र में इंटर कॉलेज के शौचालय में कैमरा लगाया, छात्राओं की शिकायत पर मामला दर्ज



सोनभद्र । सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज के शौचालय में एक नाबालिग द्वारा कथित तौर पर कैमरा लगाये जाने की शिकायत के बाद उसके पिता को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। सोनभद्र के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) कालू सिंह ने बताया कि शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम धुरिया स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ब्रह्मदेव इंटर कॉलेज के शौचालय (सिर्फ छात्राओं के प्रयोग) में कैमरा लगा हुआ मिला है जिसके बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि कॉलेज के बगल में अनिल मौर्या का मकान है तथा कॉलेज के शौचालय की दीवार मौर्या के घर से सटी हुई है। उन्होंने कहा कि उसी का फायदा उठाकर अनिल मौर्या के नाबालिग बेटे ने अपने घर की दीवार से शौचालय की तरफ एक छोटा कैमरा लगा दिया। सिंह ने बताया कि शनिवार को छात्राओं ने कैमरे को देख लिया और स्कूफल प्रशासन को इसकी जानकारी दी। एएसपी ने बताया कि छात्राओं की तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं तथा यौन अपराधों से बच्चो का सरंक्षण अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज कर अनिल मौर्या को हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है उन्होंने बताया कि इस बात की जांच की जा रही है कि कहीं इसमें कॉलेज का कोई कर्मचारी तो संलिप्त नहीं था।

## मेरठ में सेवानिवृत्त शिक्षिका अपने घर में मृत मिलीं, बदबू आने पर पड़ोसियों को पता चला

मेरठ । मेरठ की मानसरोवर कॉलोनी में एक सेवानिवृत्त शिक्षिका अपने घर में मृत मिलीं। पुलिस ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि बदबू आने पर पड़ोसियों को इस बारे में पता चला। महिला की पहचान मीना शर्मा (81) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह पड़ोसियों को उनके घर से बदबू आई तो खिड़की से झांक कर देखने पर मीना को बिस्तर से नीचे गिरा देखा। उसने बताया कि पड़ोसियों ने मीना की बहू दीप्ति को इसकी जानकारी दी और उन्होंने 'यूपी-112' को सूचना दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अभिषेक तिवारी ने बताया कि मीना की मौत तीन दिन पहले हुई थी। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया तथा जांच में सामने आया कि मीना ने कमरे में हीटर जलाया था और बंद कमरे में जहरीली गैस से उनकी मौत हुई। उन्होंने बताया कि परिजनों के अनुरोध पर शव बिना पोस्टमार्टम ही उन्हें सौंप दिया गया जिसके बाद परिजनों ने सूरजकुंड श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया। बेटा मनस्वी शर्मा कनाडा में रहता है जिस वजह से वह अपनी मां के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सका। स्थारनीय लोगों ने बताया कि मीना मूलरूप से मुजफ्फरनगर की रहने वाली थीं जिनके पति मिट्ठन लाल शर्मा काफी समय से अपने गांव मुजफ्फरनगर गये हुए थे और मीना घर पर अकेली थीं। मीना के बड़े बेटे मनुहार शर्मा सेना में ब्रिगेडियर थे जिसकी दिल का दौरा पड़ने से 2017 में ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। मनुहार की पत्नी दीप्ति शर्मा नोएडा में परिवार के संग रहती हैं।

# अखिलेश यादव का भाजपा पर हमला, कहा- 'जो चुनाव टालेंगे वो हारेंगे'



अयोध्या । समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अयोध्या में कहा कि जिन्होंने चुनाव टाले हैं वे हारेंगे। अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा को उपचुनाव हारने का एहसास हो गया था, इसी कारण चुनाव टाल दिए गए। सपा नेता ने कहा कि 13 नवंबर को उपचुनाव होने वाले थे। बाहर रहने वाले लोग त्योहारों पर छुट्टी पर घर आए थे। उन्होंने मन बना लिया था कि 13 नवंबर को भाजपा को हराकर वापस काम पर जाएंगे। इस बात की भनक भाजपा को लग गई थी। इसलिए चुनाव 13 से 20 नवंबर को टाल दिए। जो टालेंगे वो चुनाव हारेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बुनियादी सवाल वही है। आज भी खाद नहीं है, डीएपी नहीं है। वे किसानों के धान की कीमत नहीं दे पाए। अगली फसल की कोई तैयारी नहीं है। बिजली महंगी है। नौकरी, रोजगार के लिए लोगों को धरने पर बैठना पड़ रहा है। जो लोग 'वन नेशन, वन इलेक्शन', का दावा करते हैं, वे परीक्षा नहीं करा पा रहे हैं। इन्होंने रिकॉर्ड परीक्षा कराने का दावा किया था। रिकॉर्ड परीक्षाओं में 30 प्रतिशत बच्चों की परीक्षा छूट गई थी। ये वही लोग हैं जो परीक्षा टालते हैं। अखिलेश यादव ने झांसी की घटना पर कहा कि ये दुखद है कि इस तरह की घटना आज के समय पर हो रही है। इन्हें तभी सतर्क हो जाना चाहिए था, जब गोरखपुर में ऑक्सीजन की कमी से बच्चों की जान गई थी। जब कभी भी ये लोग निरीक्षण पर जाते हैं या औचक निरीक्षण करते हैं तो पूरे इंतजाम सही मिलते हैं, लेकिन जैसे ही अधिकारी या मंत्री हटते हैं, अस्पताल वैसे ही हो जाते हैं।

क्या सरकार ने पर्याप्त बजट दिया था?, सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे? यह लापरवाही और सरकार की नजरअंदाजी की वजह से 10 नवजातों की जान गई है और इतना बड़ा नुकसान हुआ है।

अखिलेश यादव ने सीएम योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि वह पहले थोड़ा डरे हुए लग रहे थे, जैसे-जैसे उपचुनाव करीब आ रहे हैं वो थोड़ा हिले हुए दिखाई दे रहे हैं। जनता उनके खिलाफ खड़ी है। ये लोग जो भाषा इस्तेमाल कर रहे हैं, ये अंग्रेजों की भाषा थी।

# 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे', बटेंगे तो कटेंगे' सभी कार्यकर्ताओं की एकजुटता व संकल्प का प्रतीक - मौर्य



लखनऊ । उत्तकर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राज्यक में नौ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनावों के बीच मुख्यतमंत्री योगी आदित्य नाथ के नारे बंटेंगे तो कटेंगे का समर्थन करते हुए रविवार को कहा कि 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे, बटेंगे तो कटेंगे' सभी कार्यकर्ताओं की एकजुटता और संकल्प का प्रतीक है। मौर्य ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में किसी भी मतभेद से इनकार करते हुए यह भी साफ किया कि पार्टी का नारा 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे' ही है। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) के पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) की गालियों का जवाब उसी तरह देना है, जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल को दिया था। मौर्य ने एक्सि पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का स्पष्ट संदेश और उनके भाषणों से उभरे नारे- 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे, बटेंगे तो कटेंगे'-हम सभी कार्यकर्ताओं की एकजुटता और संकल्प का प्रतीक हैं। इसी पोस्ट में उन्होंने सफाई दी, भाजपा में न मतभेद था, न है, न होगा। यह नारा मुझ जैसे करोड़ों कार्यकर्ताओं के दिल की आवाज़ है। हालांकि उन्होंरने यह भी कहा कि भाजपा का नारा एक रहेंगे तो सेफ़ रहेंगे ही है। पोस्ट में मौर्य ने पूछा कि सपा, बसपा (बहुजन समाज पार्टी) और कांग्रेस को इस एकजुटता से पेट में दर्द क्यों हो रहा है? अगर दर्द बर्दाश्त नहीं हो रहा है, तो इलाज कराएं और दवा ले लें। इससे पहले शनिवार को प्रयागराज में आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे को लेकर किए गए सवाल पर उपमुख्यमंत्री मौर्य ने नाराज स्वर में कहा था, मुख्यमंत्री कोई संबोधन करते हैं तो उस पर मुझसे टिप्पणी क्यों लेना चाहते हो?.. क्या आप मीडिया के मित्र आपस में हमें लड़ाना चाहते हो? आदित्यनाथ ने सहसो के कसेरुआ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था, अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार हमें इसलिए करना पड़ा था क्योंकि हम बंटे थे। काशी और मथुरा में हमें अपमान इसलिए झेलना पड़ा क्योंकि हम बंटे थे।

जब बंटे थे तो कटे थे। भारत में आज सबसे बड़ी चुनौती जाति के नाम पर बांटने वाले लोग हैं। उप मुख्यमंत्री ने रविवार को एक्से पर एक अन्यअ पोस्ट में कहा, सपा और उनके मुखिया श्री अखिलेश यादव एंड कंपनी द्वारा फैलाए गए फर्जी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की गालियों का जवाब हमें उसी तरह देना है, जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल को दिया था। मौर्य ने कहा कि 2024 (उपचुनाव) में 'कमल' खिलाकर 'साइकिल' को ऐसा पंचर करना है कि सपा के उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो जाए। उन्होंने कहा कि सपा को 2014 (लोकसभा), 2017 (उप्र विधानसभा), 2019 (लोकसभा) और 2022 (प्रदेश विधानसभा) चुनावों में मिली करारी हार के घाव जो अब भी ताजे हैं तथा उन्हें और गहरा करते हुए इस बार समाजवादी पार्टी को समाप्तवादी पार्टी बनाने का काम करना है। उप्र में जिन नौ विधानसभा सीट पर चुनाव होने हैं, उनमें कटेहरी (अंबेडकरनगर), करहल (मैनपुरी), मीरापुर (मुजफ्फरनगर), गाजियाबाद, मझवां (मिर्जापुर), सीसामऊ (कानपुर शहर), खैर (अलीगढ़), फूलपुर (प्रयागराज) और कुंदरकी (मुरादाबाद) शामिल हैं।

# कोल्हापुर में गरजे सीएम योगी, कहा- महा अघाड़ी गठबंधन देश के साथ धोखा कर रहा



कोल्हापुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) पर निशाना साथा। सीएम योगी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन और पूरे देश में एनडीए कार्य कर रहा है। बिना भेदभाव के शासन की योजना हर गांव, हर गरीब, हर किसान, हर नौजवान, हर महिला को देने के लिए वह प्रतिबद्ध हैं। वह देश की सुरक्षा के लिए, देश की समृद्धि के लिए और शासन सत्ता उसके लिए सुशासन का एक मंत्र बनकर आता है। सीएम योगी ने कहा कि महाराष्ट्र में एक तरफ महायुति गठबंधन है और दूसरी तरफ ना नीति है, ना नैतिक बल है, ना निर्णय लेना का सामर्थ्य है। महा अघाड़ी गठबंधन देश के साथ धोखा कर रहा है। महा अघाड़ी गठबंधन पहले एक दूसरे को धोखा दे रहा है। कांग्रेस, उद्धव ठाकरे और पवार में आपस में ही नूरा कुश्ती चल रही है। सीएम योगी ने आगे कहा कि पहले ये आपस में धोखा देंगे, फिर हिंदू समाज को धोखा देंगे और फिर ये लोग देश को धोखा देंगे। कांग्रेस का तो इतिहास ही भारत के साथ धोखा देने का रहा है। अगर कांग्रेस का नेतृत्व 1947 में चाहता तो देश कभी विभाजित नहीं होता। भारत का विभाजन नहीं होता तो पाकिस्तान नहीं बनता। जिनको ये भय था कि मुसलमान दंगे करेंगे, उनसे तो हम ऐसे निपट लेते जैसे आज निपटते हैं। लेकिन कांग्रेस की बुजदिली थी, उनकी कायरता की सत्ता लोलुपता थी, उन्होंने देश के विभाजन को स्वीकार करके हजारों वर्षों से जो भारत एक भारत था, उस भारत को दो टुकड़ों में बांट दिया उन्होंने सवाल किया बदले में क्या मिला? लाखों हिंदुओं को काटा गया। अब तो कांग्रेस के लोग उस सच्चाई को भी स्वीकार नहीं कर रहे हैं। बता दें कि महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को नतीजे घोषित होंगे।

## उपजिलाधिकारी ने अवैध रूप से प्लाटिंग करने वाले भू-माफियाओं पर की बड़ी कार्रवाई मची खलबली

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों



बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप भू- माफियाओं पर सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए एसडीएम प्रियंका गोयल ने सात के खिलाफ एफआईआर0के दिए निर्देश उन्होंने बताया कि बिना लैंड यूज चेंज किए की जा रही प्लाटिंग की तहसील और पुलिस के माध्यम से जांच कराई गई थी जिसके बाद माफियाओं को चिन्हित कर एफआईआर की कार्रवाई की गई है।

बुलंदशहर में खेतों और बागों को पूरी तरह उजाड़कर अवैध तरीके से प्लाटिंग और कॉलोनी काटने का गोरखधंधा फल फूल रहा है और अनधिकृत कॉलोनियों को अधिकृत बताकर भू-माफिया इन्वेस्टर्स की जिंदगी भर की जमा पूंजी निगल रहे हैं। लगातार ऐसे मामले प्रकाश में आ रहे है जिनमें एक ही प्लाट पर कई- कई लोग अपना दावा प्रस्तुत करते है। यह प्रकरण अनूपशहर का है जहां अनूपशहर की एसडीएम0 प्रियंका गोयल उस समय एक्शन मोड में आ गई जब पता चला कि भू- माफियाओं का गिरोह बिना लैंड यूज चेंज कराए ही लोगों से प्लाट के बदले मोटी रकम प्रलोभन देकर ले रहे है।

अनूपशहर कोतवाली में भूमाफिया विक्रांत, दीपक, अरुण व 4 अज्ञात पर एफआईआर0 हुई है।

प्राधिकरण की कार्रवाई से भू-माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## जहांगीराबाद के शाश्वत बंसल ने पॉवर लिफ्टिंग में जीता गोल्ड मेडल, किया देश का नाम रोशन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

**रूस मे आयोजित बर्ल्ड स्तरीय प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग पाया पहला स्थान**




जहांगीराबाद। नगर निवासी युवक शाश्वत बंसल ने रूस के मास्को सिटी में डब्लूआरपीएफ द्वारा आयोजित बर्ल्ड स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त कर देश के साथ साथ नगर का नाम रोशन किया है। शाश्वत को मिली सफलता पर नगर में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है तो वहीं शाश्वत के निवास पर बधाई देने वालों का तांता लग चुका है। नगर के मोहल्ला पाठक निवासी बंसल गारमेंट वाले अमित बंसल के पुत्र शाश्वत बंसल ने रूस के मास्को सिटी में डब्लूआरपीएफ द्वारा आयोजित विश्वस्तरीय पॉवर लिफ्टिंग जूनियर वर्ग 20-23 बर्ष में सभी वर्गों में प्रतिभाग करते हुए 660 किग्राम. वजन लिफ्ट कर प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता है। इस खुशी के अवसर पर शाश्वत के पिता अमित बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि रूस में आयोजित इस बर्ल्डकप प्रतियोगिता में कई देशों के खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने दमखम का प्रदर्शन किया था जिसमे शाश्वत ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए 660 किग्रा. का वजन लिफ्ट कर प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्डमेडल जीता है। शाश्वत की सफलता को लेकर व्यापार मंडल पदाधिकारियों, सामाजिक संस्थाओं आदि लोगों ने शाश्वत के निवास पर आकर बधाई और शुभकामनाएं देनी शुरू कर दीं हैं।

फोटो। रूस में प्रतियोगिता में विजेता शाश्वत बंसल।

## वी पी त्यागी जी का स्वर्गवास होने पर सांत्वना देने बुलंदशहर पहुंची पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों



बुलंदशहर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व सांसद मेनका गांधी आज बुलंदशहर पहुंची उन्होंने शिवपुरी जोंनचआना हाउस पहुंचकर भारतीय किसान संघ के प्रांत उपाध्यक्ष व जिला मंत्री पुष्पेंद्र त्यागी जी के पिताजी भाजपा नेता व पूर्व किसान मोर्चा प्रभारी जम्मू कश्मीर वीपी त्यागी जी का स्वर्गवास होने पर उनके प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त की और हीरा त्यागी जी सहित परिवार को को सांत्वना दी बीपी त्यागी जी का 79 वर्ष की आयु में 14 नवंबर को मेरठ में ली थी अंतिम सांस 15 नवंबर को उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में किया गया था आज मेनका गांधी सहित अन्य नेता जिसमें भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष महेश चंद्र लोधी जिला गौतम बुद्ध नगर के जिला अध्यक्ष योगेंद्र त्यागी जी मेरठ जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी जी सहित अन्य कार्यकर्ता रहे शामिल

## गायत्री संस्कार पीठ पर चार दिवसीय कार्यक्रम के तहत कलश यात्रा का पालिकाध्यक्ष दीप्ति मित्तल सिर पर रखकर किया शुभारंभ



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

बुलंदशहर। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में श्री गायत्री संस्कार पीठ पर चार दिवसीय कार्यक्रम के तहत शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई। जिसका शुभारंभ पालिकाध्यक्ष दीप्ति मित्तल ने सिर पर कलश रखकर किया। कलश यात्रा नगर के कलश होटल से प्रारंभ होकर कालाआम, डिप्टी गंज चौराहा, अंबर सिनेमा, अंसारी रोड चौराहा, रोडवेज बस अड्डा से गुजरती हुई यज्ञ स्थल श्री गायत्री संस्कार पीठ पर पहुंची। कलश यात्रा का जगह-जगह स्वयंसेवी संगठनों, व्यापारिक मंडल एवं व्यापारियों द्वारा फूल बरसाकर कलश यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा में शांतिकुंज कि जनपद में अलग-अलग गायत्री संस्कार पीठ जहांगीराबाद, खुर्जा, अनूपशहर, पहासू, सिकंदराबाद, औरंगाबाद, गुलावठी, डिबाई आदि से कार्यकर्ताओं की टोली कलश यात्रा में शामिल होने के लिए पहुंची। यज्ञ स्थल पर कलश यात्रा पहुंचने पर शांतिकुंज से पधारी टोली ने कलश का पूजन आरती कराकर कार्यक्रम का समापन किया। जिला संयोजक कुलदीप मित्तल ने दूर दराज से पधारे सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए तीन दिन चलने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए उसमें शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि रविवार को प्रखर प्रज्ञा एवं सजल श्रद्धा का अनावरण कार्यक्रम एवं शिव मंदिर की मूर्तियां की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सुबह साढ़े सात बजे प्रारंभ होगा।

## गायत्री परिवार की शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर किया भव्य स्वागत

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो




बुलंदशहर। सामाजिक संस्था राष्ट्र चेतना मिशन के कार्यकर्ताओं ने अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा नगर में आयोजित विशाल शोभा यात्रा में सम्मिलित मातृ शक्ति का स्वस्ति वाचन के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनन्दन किया। गायत्री परिवार के चार दिवसीय समारोह के प्रथम दिन शनिवार को विशाल शोभायात्रा कलश होटल से प्रारम्भ होकर शहीद चौक, काला आम चौराहा, मोती बाग, डिप्टी गंज, अम्बर सिनेमा रोड, अम्बेडकर चौक, अंसारी रोड, रोडवेज बस स्टैंड, डीएवी फ्लाई ओवर से होती हुई गायत्री संस्कार पीठ पर सम्पन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं कलश एवं सत साहित्य सिर पर धारण कर सम्मिलित हुईं। राष्ट्र चेतना मिशन के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने शहीद चौक पर स्वस्ति वाचन, जयघोष और पुष्पवर्षा कर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत कर अभिनंदन किया। नगर पालिका चेयरपर्सन दीप्ति मित्तल, राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह, गायत्री परिवार के जिला संयोजक कुलदीप मित्तल, घनेन्द्र शर्मा, मोहन सैनी, निशान्त जादौन, अरुण राजपूत, गिरधर चौधरी, केशव शर्मा, राजीव शर्मा आदि सम्मिलित रहे।

## 21 अवैध देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से अवैध देशी शराब बरामद किया है आपको बता दें हापुड़ पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञान्जय के आदेश पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस उ0नि0 यूटी राजकुमार, है0का0अंकुर राणा व का रजत शर्मा थाना बहादुरगढ़ ने ग्राम चित्तौड़ा मोहुद्दीनपुर बम्बे की पटरी के पास से गुरुवचन उर्फ बच्ची पुत्र रामपाल सिंह निवासी ग्राम चित्तौड़ा मौहुद्दीनपुर थाना बहादुरगढ़ को 21 पव्वे अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बहादुरगढ़ पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बेधड़क निकलते हैं ओवरलोड मिट्टी से भरे डंपर नहीं होती कोई भी कार्रवाई सरकारी राजस्व को लगा रहे हैं चूना

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो




हापुड़ । गढ़ से बुलंदशहर रोड पर परिवहन विभाग की अनदेखी के कारण ओवरलोड मिट्टी से भरे डंपर हादसों को दे रहे न्यौता साथ ही एनजीटी के आदेशों की भी जमकर उड़ाई जा रही धज्जियां। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्थानीय पुलिस व परिवहन विभाग की अनदेखी का फायदा ओवरलोडिंग मिट्टी से भरे डंपर चालक इसका फायदा उठा रहे हैं मिट्टी से भरे ओवरलोड डंपर सड़क पर सरपट दौड़ते हुए दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं। वही पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने से ओवरलोड वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं। सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी मिट्टी से भरे ओवरलोड वाहनों का संचालन व एनजीटी के आदेशों की भी जमकर धज्जी उड़ते हुए बेधड़क सड़क पर दौड़ रहे हैं। बावजूद इसके न तो परिवहन विभाग सक्रिय दिख रहा है न ही पुलिस। ओवरलोड वाहनो से आए दिन हादसे होते हैं,लेकिन फिर भी इन पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है। जबकि परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोड वाहनों के खिलाफ समय-समय पर कार्रवाई की जाती हैं। जबकि हकीकत में माह में दो-चार ट्रकों को पुलिस पकड़ कर चालान करने के बाद परिवहन विभाग के अधिकारियों से जुर्माना की रसीद कटवा कर अपने कार्य की इतिश्री कर लेते हैं। वहीं गढ़ बुलंदशहर रोड से रोजाना मिट्टी से भरे डंपर ओवरलोड गुजरते हैं। इससे पुलिस व परिवहन विभाग की अनदेखी के कारण सरकार को लाखों रुपए के राजस्व का चूना लग रहा हैं।

## नवोदय युवा समिति ने प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

पिलखुवा । मोहल्ला मंडी स्थित समिति कार्यालय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया छात्र-छात्राओं को रोड सेफ्टी की जागरूकता के उद्देश्य प्रश्नोत्तरी के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रश्नों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और यातायात नियमों के महत्व को समझाना प्रतियोगिता के प्रश्न मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा के नियम ,सड़क पर सुरक्षित व्यवहार ,यातायात संकेत, हेलमेट पहनने के महत्व पर आधारित थे इस अवसर पर पृथ्वी ,आरोही ,वीर, विशाखा ,सुहाना ,रिया ,आयत ,हरीश और टिया आदि छात्रों ने अपनी सोच और निर्णय का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया इस मौके पर बतौर अतिथि पधारे अभिषेक अग्रवाल ने विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से समिति द्वारा आयोजित की गई प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि यह एक अच्छी पहल है ताकि बच्चों को यातायात के संबंधित नियमों के महत्व की जानकारी लगती है उन्होंने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया प्रतियोगिता में डोली , विक्की सिंह,संजय अग्रवाल ,निर्मल शर्मा ,अमित मनोज शर्मा ,महेंद्र सिंह सैनी, जतिन की आदि का सहयोग रहा

## कबीर साहित्य परिषद का किया गठन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । ग्राम मुरादपुर की सागर कालोनी में सागर आरोग्यधाम पर नवांकुर साहित्यकारों के साथ एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी की सहमति से एक साहित्य संस्था कबीर साहित्य परिषद भारत का गठन किया गया जिसके संस्थापक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं लेखन करने वाले जनकवि व बेखौफ शायर के नाम से प्रसिद्धि डा.नरेश कुमार सागर ने कहा कि यूं तो हर रोज नई नई संस्थाओं का गठन हो रहा है फिर भी इस नई कबीर संस्था का गठन करने का मतलब एक तो नवयुवकों को मंच देना है दूसरा इस मंच के माध्यम से केवल राष्ट्रहित, समता,समानता और बंधुत्व का संदेश दिया जाएगा,ये संस्था जाति धर्म के साहित्य से आगे की बात करेगी। संस्था के गठन के साथ काव्यगोष्ठी भी की गई जिसमें सभी कलमकारों ने अपनी रचना प्रस्तुत की। संस्था के अध्यक्ष डा.सुभाष पायल,महासचिव डा.नरेश सागर, सचिव जमसेद माहिर,सहसचिव ममता अम्बेडकर, कोषाध्यक्ष डा.सुनील सरकार, मंत्री मुकेश प्रजापति, संगठन मंत्री अंकित इंकलाब व लोकेश अकेला और मीडिया प्रभारी सचिन सागर को नियुक्त किया। उपस्थित सदस्यों में मा.महेंद्र, बुद्धि प्रकाश, सतवीर तंवर,निखिल सागर, समीर सम्राट व पूनम सागर आदि उपस्थित रहे ।

## शहीद सम्मान रथयात्रा का हापुड़ में हुआ भव्य स्वागत

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो





हापुड़। अमर शहीद प्रजापति रामचंद्र विद्यार्थी के सम्मान में 5 नवम्बर 2024 को जनपद देवरिया से आरम्भ होने वाली शहीद सम्मान रथयात्रा रविवार को हापुड़ में भव्य स्वागत किया गया। हापुड़ में यात्रा के मुख्य स्वागतकर्त्ता प्रजापति समाज कल्याण युवा समिति के प्रदेश महासचिव श्रीराम प्रजापति एडवोकेट ने बताया कि 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में जनपद देवरिया की एक सभा का नेतृत्व करते हुए कलक्ट्रेट में शहीद रामचंद्र विद्यार्थी ने ब्रिटिश साम्राज्य का यूनियन जैक उतार फेंका था। उस समय उनकी आयु मात्र 13 वर्ष 4 माह की थी। फलस्वरूप सिपाहियों ने उन्हें गोली मारकर शहीद कर दिया था।

उस समय भारत में शहीद होने वाले वह सबसे कम उम्र के शहीद थे। उनके तथा उन जैसे देश के हजारों गुमनाम शहीदों के बलिदान को लोगों के समक्ष लाने तथा उनके मान सम्मान को सुरक्षित रखने के लिए जनपद बांदा निवासी पूर्व विधायक बृजेश प्रजापति के नेतृत्व में शहीद सम्मान रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा शहीद रामचंद्र विद्यार्थी स्मारक देवरिया से 5 नवम्बर 2024 को आरम्भ होकर उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों से होते हुए 5 दिसम्बर 2024 उसी स्थान पर समाप्त होगी।

हापुड़ में सभी पिछड़े, दलित समुदायों के सदस्यों द्वारा रथयात्रा का डॉ अंबेडकर चौक पर स्वागत किया गया। तत्पश्चात शहीद सम्मान रथयात्रा का परिचय देते हुए पूर्व विधायक बृजेश प्रजापति, उनके यात्रा सहयोगी देवा रावत व दिलीप चौधरी का सभी साथियों के साथ माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए स्वागत किया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को पूर्व विधायक श्री बृजेश प्रजापति, श्री दिलीप चौधरी, श्री देवा रावत जी द्वारा संबोधित किया गया। तत्पश्चात रथयात्रा आज शाम को हापुड़ में ही रुकेगी और कल सुबह अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बुलंदशहर की ओर प्रस्थान करेगी। इस अवसर पर प्रजापति समाज कल्याण युवा समिति के प्रदेश महासचिव श्रीराम प्रजापति एडवोकेट, अतर सिंह प्रजापति,प्रदेशउपाध्यक्ष, दिनेश प्रजापति, मा.रामपाल सिंह प्रजापति,राजेंद्र प्रजापति, नरेश प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति, मुकेशप्रजापति, राहुल प्रजापति,देविंद्र प्रजापति, विनोद प्रजापतिप्रेमचंद प्रजापति बिट्टू प्रजापति, मोहित प्रमोद प्रजापति प्रजापति जॉनी प्रजापति आदि मौजूदरहे।

## जिलाधिकारी के दिशा—निर्देशों के क्रम में गंगा घाटों पर चलाया गया विशेष सफाई अभियान





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। जिलाधिकारी हापुड़ महोदया श्रीमती प्रेरणा शर्मा के दिशा निर्देशों में गढ़ गंगा खादर क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा मेला सम्पन्न होने के उपरान्त पंचायती राज विभाग हापुड़ एवं नगर निकाय गढ़मुक्तेश्वर/हापुड़/पिलखुवा, नगर निगम के सफाई कर्मचरियों के द्वारा आपस में समन्व्य बनाकर गंगा तट पर लगे कूड़े के ढेर एवं पॉलीथिन गंदगी आदि की सफाई कराकर कूड़ा गाड़ी में भरकर एक चिन्हित स्थान पर कूड़े के ढ़ेर को डलवाया गया। यह अभियान दिनांक 17-11-2024 तक जारी रहेगा। पंचायती राज विभाग एवं नगर निकाय गढ़मुक्तेश्वर/हापुड़/पिलखुवा के अधिकारियों के द्वारा पूर्ण रूप से जिम्मेदारी के साथ गंगा तट पर साफ-सफाई व्यवस्था चाक चौबन्द करायी जायेगी। मौके पर शिव बिहारी शुक्ला जिला पंचायत राज अधिकारी हापुड़, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर,/हापुड़/पिलखुवा, शिवम् पान्डे्य सहायक विकास अधिकारी-पं0 सिम्भावली, अमित कुमार सहायक विकास अधिकारी-पं0 विकास खण्ड गढ़मुक्तेश्वर, एवं नगर निकाय गढ़मुक्तेश्वर/हापुड़/पिलखुवा के आदि अधिकारी एवं सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## श्री सुरेश कटारिया माननीय व्यय प्रेक्षक की अध्यक्षता में तृतीय व्यय निरीक्षण बैठक सम्पन्न

उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार



गाजियाबाद। 56—गाजियाबाद—सदर, विधानसभा में उपचुनाव के मद्देनज़र भारत निर्वाचन आयोग के दिशा—निर्देशों के क्रम में निर्धारित व्यय निरीक्षण की द्वितीय व्यय निरीक्षण बैठक श्री सुरेश कटारिया माननीय व्यय प्रेक्षक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक निर्धारित समय पर शुरू हुई। बैठक के दौरान प्रत्याशियों एवं प्रत्याशी प्रतिनिधियों द्वारा प्रत्याशी का व्यय लेखा सभी बिल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किया गया। व्यय निरीक्षण की तृतीय बैठक में व्यय निरीक्षण टीम सहित (प्रत्याशी/प्रत्याशी प्रतिनिधि में से जो भी) श्री परमानंद गर्ग, बहुजन समाज पार्टी से उपस्थित, श्री संजीव शर्मा, भारतीय जनता पार्टी, उपस्थित, श्री सिंहराज जाटव, समाजवादी पार्टी, उपस्थित, श्री गयादीन अहीरवार, राष्ट्रीय बहुजन कांग्रेस पार्टी, अनुपस्थित, श्री धर्मेन्द्र सिंह, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य), अनुपस्थित, श्री पवन, सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी, अनुपस्थित, श्रीमती पूनम, हिन्दुस्थान निर्माण दल, उपस्थित, श्री रवि गौतम, ऑल इंडिया मजलिश—ए—इत्तेहादुल मुस्लिमीन, उपस्थित, श्री रवि कुमार पांचाल, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी), अनुपस्थित, श्री सत्यपाल चौधरी, आजाद समाज पार्टी (कांशी राम), उपस्थित, श्री मिथुन जायसवाल, निर्दलीय, अनुपस्थित, श्री रूपेश चन्द्र, निर्दलीय, उपस्थित, श्री विनय कुमार शर्मा, निर्दलीय, उपस्थित व श्री शमशेर राणा, निर्दलीय, उपस्थित रहे।

## गाजियाबाद में पांच जोन में लगी 3200 लाइट, 2 दिन में हर खम्भे पर लाइट लगाने के निर्देश



गाजियाबाद । नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा प्रकाश विभाग के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश, प्रभारी प्रकाश कामाख्या प्रसाद आनंद, सह प्रभारी आसकुमार, तथा सभी जोन के लाइट इंस्पेक्टर भी उपस्थित रहे, नगर आयुक्त द्वारा बारी-बारी सभी वार्डों में लगी हुई लाइटों के बारे में जानकारी ली तथा दो दिन के भीतर शेष लाइटों को लगाने के लिए कड़े निर्देश दिए गए द्य नगर आयुक्त द्वारा प्रकाश विभाग को रात्रि में निरीक्षण करने के लिए भी कहा गया तथा पार्षदों के साथ संपर्क करते हुए ऐसे स्थान जहां अंधेरा है चिन्हित करते हुए तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने के निर्देश दिए अपर नगर आयुक्त वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश द्वारा बताया गया कि सभी जोन अंतर्गत रफ्तार से लाइटों को मरम्मत करने तथा नई लाइटों को लगाने का कार्य चल रहा है जिसमें 3200 लिए अभी तक लग चुकी है केवल 1800 लाइट शेष हैं जिनको दो दिन के भीतर ऐसे स्थान जहां अंधेरा है चिन्हित करते हुए लगाने के लिए नगर आयुक्त महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है जिसके क्रम में अविलंब कार्यवाही चल रही है द्य नगर आयुक्त ने बैठक में लाइट इंस्पेक्टर से सीधा संपर्क करते हुए वार्डों में लग रही लाइटों की जानकारी ली, पार्षदों के कहे अनुसार स्थान पर लाइट लगाई जा चुकी है इसके अलावा अन्य ऐसे स्थान जहां पर अंधेरा बना हुआ था उनको भी चिन्हित करते हुए लाइट लगाने का कार्य चल रहा है द्य गाजियाबाद नगर निगम प्रकाश विभाग इसके अलावा शहर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए पार्कों में मुख्य चौराहा पर भी सौंदर्य करण का कार्य तेजी से कर रहा है कवि नगर जोन अंतर्गत हापुर चुंगी चौराहे को सुंदर बनाया गया है, सिटी अंतर्गत आर्य नगर चौक पर लाइटों से सौंदर्यकरण किया गया है, होली चाइल्ड चौराहा, घंटाघर चौराहा, शहीद स्थल नया बस स्टेंड, वसुंधरा जोन अग्रसेन चौक पर भी लाइटों से सौंदर्यकरण किया गया है इसके अलावा महापौर तथा नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार निगम के जोनल कार्यालय तथा मुख्यालय को भी लाइटों से सुसज्जित किया गया है

## प्रशासनिक अधिकारियों ने गढ़ गंगा कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला 2024 सकुशल संपन्न होने पर लीग्रैंड होटल में सामूहिक भोज का किया आयोजन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। गढ़मुक्तेश्वर जिला प्रशासन की अफसर शाही टीम ने गढ़ गंगा कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला 2024 सकुशल संपन्न होने पर गढ़मुक्तेश्वर के लिए लीग्रैंड होटल में 17 नवंबर को एक सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। आयोजित भोज कार्यक्रम में मेला ड्यूटी पर तैनात जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के द्वारा मेले में कर्मचारीगण अधिकारीगण के द्वारा अपनी ड्यूटी को बखूबी निभाने को लेकर उत्साहवर्धन किया गया। और सभी अधिकारी कर्मचारीगणो के द्वारा मेले को सकुशल संपन्न कराने को लेकर निभाई गई। सहभागिता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## गाजियाबाद में राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस समारोह कार्यक्रम का आयोजन



गाजियाबाद । विकास भवन सभागार कलेक्ट्रेट गाजियाबाद में प्रात: 10 बजे किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला समाज कल्याण अधिकारी(विकास) दिग्विजय सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी पीयूष चंद्र राय एवं आदिवासी विचारक डां बनवारी लाल गोंड अध्यक्ष, जनजातीय शोध एवं विकास संस्थान द्वारा राष्ट्र एवं जननायक क्रांतिदूत बिरसा मुंडा जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीया जलाकर आदिवासी रीति-रिवाज से संयुक्त रुप से किया गया। गौरव दिवस समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ज़िला समाज कल्याण अधिकारी(विकास) दिग्विजय सिंह ने आज के दिवस को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान से प्रेरणास्त्रोंत बताया ।राष्ट्रीय गौरव दिवस समारोह कार्यक्रम के स्वागत सम्बोधन में ज़िला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा ने सभी के स्वागत के साथ जनजाति समाज के विकास सम्बन्धित योजनाओ पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। गौरव दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए आदिवासी विचारक डॉ . बनवारी लाल गोंड ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र एवं जननायक क्रांतिदूत बिरसा मुंडा का सम्पूर्ण जीवन स्वाधीनता संग्राम की चेतनायुक्त विद्रोह का नेतृत्व कर सिर्फ आदिवासी समुदाय के ही नही अपितु राष्ट्रीयस्तर पर धरती आबा के रुप विख्यात हो गये ।

## मंत्री नरेंद्र कश्यप का व्यापारियों ने जताया आभार, बजरिया कट खुलवाने के लिए दिया धन्यवाद



गाजियाबाद । उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का बजरिया व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने स्वागत- सम्मान किया और धन्यवाद दिया। कुछ समय पूर्व मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पुलिस आयुक्त से बात कर बजरिया कट खुलवाने की चर्चा की थी, अब इसका असर हुआ है। इसी कड़ी में बजरिया कट खुलवाने के लिए ओबीसी मोर्चा के महानगर अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में व्यापार मंडल बजरिया के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें व्यापारियों ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट करने का समर्थन दिया और मंत्री नरेंद्र कश्यप का आभार जताया कि उन्होंने सालों से बंद कट को खुलवाने का काम किया। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि व्यापारी उनके परिवार का हिस्सा हैं।व्यापारियों की समस्या उनकी समस्या रहती है, इसीलिए उन्होंने बजरिया के बंद कट को खुलवाने के लिए पुलिस कमिश्नर से बातचीत की थी और इस समस्या का समाधान कराया है। व्यापारियों ने मंत्री नरेंद्र कश्यप का धन्यवाद और स्वागत किया। इस दौरान मुख्य रूप से महामंत्री दीपक शर्मा, पूर्व पार्षद जय भगवान गर्ग, पूर्व पार्षद सतीश चोपड़ा, नवीन अरोड़ा,जीके मिश्रा, संजय गर्ग,एडवोकेट राजीव सिसोदिया,सौरव गर्ग, कपिल खन्ना,राजू दर्शन सिंह, तरुण त्यागी एडवोकेट,संजीव सिसोदिया, सर्वेश, राजेंद्र,सौरव गर्ग, तरुण, प्रेमलता कोरी, सौरभ गर्ग व जितेंद्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में व्यापारियों ने नरेंद्र कश्यप को धन्यवाद देते हुए उनका स्वागत किया और कहा कि व्यापारियों के लिए उनके द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय व्यापारी इस सदैव याद रखेंगे और आगामी विधानसभा उपचुनाव में व्यापारियों ने भाजपा के पक्ष में वोटिंग करने का समर्थन भी दिया है। इस मौके पर मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि व्यापारी उनके परिवार का हिस्सा हैं। व्यापारियों को होगा लाभ,जनता भी पहुंचेगी आसानी से = लंबे समय से बजरिया कट बंद चल रहा था, जिस वजह से लोगों को घूम कर आना पड़ता था और व्यापारियों को परेशानी हो रही थी। इसका असर उनके व्यापार और अन्य कार्यक्रमों में भी पड़ता था। शुक्रवार को मंत्री नरेंद्र कश्यप का बजरिया व्यापार मंडल और स्थानीय व्यापारियों ने बंद कट को खुलवाने के लिए धन्यवाद करते हुए आभार और उनका स्वागत किया है। इस दौरान नरेंद्र कश्यप ने सभी को धन्यवाद भी दिया।

## मधुर वाणी करती है कठोर ह्रदय में परिवर्तन - कवि राजकुमार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। बहादुरगढ़ क्षेत्र के गाँव करीमपुर में जगमाल यादव के आवास पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ7गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद और कवि राजकुमार हिंदुस्तानी ने कहा कि किसी भी चरित्र का चित्रण सबसे पहले व्यक्ति की वाणी में देखा जा सकता है 7मधुर वाणी किसी भी कठोर ह्रदय में परिवर्तन कर सकती है 7मधुर बोलने वाला अपने शत्रुओं को भी अपना मित्र बना सकता है 7मनुष्य को चाहिए कि वह अपनी वाणी पर नियंत्रण रखे 7अपशब्द बोलने वाला व्यक्ति परिवार और समाज में घृणा की दृष्टि से देखा जाता है व ऐसे व्यक्ति को कोई भी पसंद नही करता है 7इसलिए वाणी व्यक्तित्व का आभूषण है 7संचालन करते हुए जूडो कोच सुबोध यादव ने कहा कि वाणी किसी तप से कम नही है 7जबकि कुटिल वाणी से ह्रदय के घाव कभी नही भरे जा सकते 7शिक्षक प्रिंस ने कहा कि बिना घृणा से बोली जाने वाली वाणी में पवित्रता होती है 7विवेक शर्मा ने कहा कि मधुर वाणी के साथ शिष्टता भी आवश्यक है 7इस मौके पर शिक्षक अमित यादव नितिन ब्रह्म प्रमोद रितिक तुषार दीपांशु चिंटु आदि उपस्थित थे

## गाजियाबाद में अधिक मतदान के लिए प्रशासन कर रहा जागरूक, निकाल रहा मतदान जागरूकता रैली



गाजियाबाद ।जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह और मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश के विधानसभा 2024 उप चुनाव गाजियाबाद में डिप्टी कंट्रोलर रविन्द्र प्रताप और चीफ वार्डन ललित जायसवाल के मार्गदर्शन में सिविल डिफेंस गाजियाबाद द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत एक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। मतदाता रैली प्रात: 10 बजे एस एस के सीनियर सेकेंडरी स्कूल,प्रताप विहार से मुख्य अतिथि प्रज्ञा श्रीवास्तवा जिला विकास अधिकारी द्वारा फ्लैग दिखा कर रवाना की गई। रैली में स्कूल के विद्यार्थी और सिविल डिफेंस गाजियाबाद के वार्डन द्वारा माइक पर स्लोगन, बैनर और प्ले बोर्ड द्वारा लोगो को 20 नवम्बर 2024 को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। यह रैली प्रताप विहार के सेक्टर 11 में घूम कर वापिस स्कूल पर ही समाप्त हुई। रैली में प्रज्ञा श्रीवास्तवा जी,सहायक उप नियंत्रक गुलाम नबी,प्रभारी डिप्टी चीफ वार्डन अनिल अग्रवाल, स्कूल के प्रबंधक श्री कमल जी, प्रभारी डिविजनल वार्डन सुजीत प्रसाद, प्रभारी डिविजनल वार्डन आरक्षित हर्ष वर्मा, डिप्टी डिविजनल वार्डन रवि अग्रवाल, स्टाफ ऑफिसर रमन सक्सेना आदि अनेकों वार्डेंस ने प्रतिभाग कर रैली को सफल बनाने में अपना योगदान दिया

## गाजियाबाद में निर्वाचन अधिकारी ने किया पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल व मतगणना स्थल का स्थलीय

गाजियाबाद । जनपद गाजियाबाद विधानसभा—56 में उपनिर्वाचन के मद्देनज़र जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल कमला नेहरू नगर व मतगणना स्थल गोविन्दपुरम अनाज मण्डी का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह समयान्तराल में ही निर्वाचन से सम्बंधित दोनो स्थलों पर सफाई कराते हुए कूड़ें का निस्तारण करें। इसके साथ ही नियमानुसार निर्वाचन सम्बंधी जो भी कार्य शेष हैं, उन्हें पूर्ण करें। उन्होने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम अनुकूल परिस्थतियों को देखते हुए नियमानुसार टैंटेज, विद्युत, स्वास्थ्य, सुरक्षा, पेयजल, टायलेट सहित अन्य व्यवस्थाओं की तैयारियां रखें।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह, अधिशासी अधिकारी पीडब्लूडी राजाराम, एडीओ निर्वाचन हरिकिशन शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संयुक्त किसान मोर्चा 25 तारीख को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर करेगा महापंचायत



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

नोएडा ।25 नवंबर को संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर होने वाली महापंचायत की तैयारी के लिए पाली गांव में बैठक हुई-बैठक की अध्यक्षता बाबा संत राम ने की संचालन प्रशांत ने किया। 10त्न प्लाट एवं नए कानून के मुद्दे पर गहराई से विचार हुआ सैकंडो लोगों ने आंदोलन में हिस्सा लेने के लिए प्राधिकरण सैकड़ो की संख्या में लिया। किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि किसान सभा अन्य सभी संगठनों के साथ मिलकर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर पर 10त्न प्लाट एवं नए कानून की लड़ाई को पार करके ही दम लेगी। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने कहा कि प्राधिकरण और सरकार को यह बात अच्छी तरह समझ लेनी चाहिए कि साढे तीन लाख से भी अधिक किसान 10त्न प्लाट के मुद्दे से प्रभावित हैं जिले में तब तक शांति संभव नहीं है जब तक की किसानों की उक्त वाजिब मांग को हल नहीं किया जाता आज पाली गांव की पंचायत में श्याम सिंह प्रधान, श्याम सिंह भाटी, रामसेवक सिंह, अमित भाटी विशेष भाटी किसान सभा के जिला सचिव अशोक भाटी एवं अन्य सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले आरोपी अभी भी गिरफ्त से दूर



नोएडा । होशियारपुर गांव में शुक्रवार तड़के चार बजे के करीब हथियार से फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले भाजपा नेता के भतीजे और उसके साथियों को सेक्टर-49 थाने की पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। घटना का दो मिनट चार सेकेंड का एक और वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है,जिसमें पुलिस कारतूस के खोखे गिन रही है। कारतूसों को सफेद गोले में कवर किया गया है। वीडियो में मौके पर पुलिसकर्मी भी मौजूद दिख रहे हैं। कुछ पुलिसकर्मी स्थानीय लोगों से बातचीत करते भी नजर आ रहे हैं। होशियारपुर गांव निवासी कपिल यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि शुक्रवार रात को वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सोए हुए थे। तड़के चार बजे के करीब घर के बाहर फायरिंग की आवाजें आने लगी। शिकायतकर्ता और उसके परिजन जब डर से बाहर निकले तो देखा कि सोरखा गांव का राहुल यादव अपने अन्य साथियों के साथ लाइसेंसी हथियार से फायरिंग कर रहा है। जब शिकायतकर्ता ने फायरिंग की वीडियो बनाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसके घर की तरफ भी फायरिंग की। इसके बाद आसपास के लोग भी जाग गए और मौके पर पहुंचे। राहुल और उसके साथियों ने गाली गलौज करने के बाद शिकायतकर्ता और उसके परिवार के अन्य सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी। अब पीड़ित और उसके परिवार के लोगों को अनहोनी होने का डर सता रहा है। राहुल भाजपा नेता का भतीजा बताया जा रहा है।

### कंपनी के गोदाम की तिजोरी से 17 लाख रुपये गायब

नोएडा ।सेक्टर-63 स्थित ई-कॉमर्स कंपनी के वेयरहाउस (गोदाम) की तिजोरी से 17 लाख रुपये गायब हो गए। चोरी का आरोप कंपनी के दो कैशियर पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिल्पकार्ट वेयरहाउस कंपनी के हब मैनेजर अजय पडियार ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को कंपनी के कैश रूम में रखे 1701644 रुपये गायब हो गए। कंपनी में काम करने वाले दो कैशियर अजय कुमार और अमरीश कुमार तिजोरी को बंद करते हैं। इन्हीं दोनों के पास शिफ्ट के हिसाब से तिजोरी की चाबी रहती है। रात में अजय ने कैश तिजोरी के अंदर रखा और इसका वीडियो भी बनाया। इसके बाद वह कंपनी से बाहर चला गया। अमरीश ने शिफ्ट पर आने के बाद सुबह आठ बजे सूचना दी कि तिजोरी से नकदी गायब है। शिकायतकर्ता खुद कंपनी पहुंचा और वहां काम करने वाले सभी कर्मचारियों से बात की। इसके बाद घटना की जानकारी डॉयल-112 पर दी गई। पुलिस ने दोनों कैशियर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दोनों से पूछताछ करने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

## शादियों का सीजन शुरू होते ही दुकानों पर लोगों की भीड़ बढ़ी



नोएडा । शादियों का सीजन शुरू होते ही बाजार में 25 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक उछाल आया है। सबसे ज्यादा उछाल ज्वेलरी और फर्नीचर कारोबार में आया है। इसके साथ ही कपड़ा और बर्तन समेत अन्य सेक्टर के कारोबार ने भी गति पकड़ी है। शहर में 80 से अधिक बाजारों में एक हजार से अधिक दुकानें और शोरूम हैं। इन बाजारों में शादी और पार्टी के संबंधित तमाम सामान मिलते हैं। 12 नवंबर से शादियों का सीजन शुरू होते ही बाजार ने गति पकड़ी है। सेक्टर-18 नामी ज्वेलरी शोरूम के प्रबंधक एमके सोनी ने बताया कि 12 नवंबर के बाद शादियों का सीजन शुरू होते ही ज्वेलरी के कारोबार में उछाल आया है। त्योहारों का सीजन शुरू होते ही सराफ बाजार में उछाल आया है, तब से लगातार बाजार में इसकी गति बनी हुई है। अब रोजाना 40 से 50 ग्राहक आ रहे हैं। इससे कारोबार अच्छा हो रहा है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा लोग सोना और डायमंड की खरीदारी कर रहे हैं। वहीं, नोएडा ज्वेलर वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव एसके जैन ने बताया कि जिले में ज्वेलरी की दो सौ से अधिक दुकानें और शोरूम हैं। इनमें शादी और त्योहार से पहले तक करीब 10 से 15 करोड़ रुपये का रोजाना कारोबार होता था। अभी 20 से 30 करोड़ रुपये का हर रोज कारोबार हो रहा है। सेक्टर-27 अट्टा मार्केट में रेडीमेंट गारमेंट शोरूम के मालिक आरिफ खान ने बताया कि जब शादी-पार्टी का दौर शुरू होता है तो कारोबार में 20 से 50 प्रतिशत तक उछाल आता है। इस दौरान ही लाभ कमाने का भी अवसर होता है। अभी दिनभर में दो सौ से अधिक ग्राहक आ रहे हैं, जिनमें से डेढ़ सौ ग्राहक खरीदारी करके ले जा रहे हैं, जो अच्छी मात्रा में खरीदारी कर रहे हैं। जबकि पूर्व में दिन भर में सौ ग्राहक ही आते थे, जिनमें 50 ग्राहक ही खरीदारी करके ले जाते हैं।

## गुरुग्राम में 21 नवंबर को होगा राज्य स्तरीय सहकारिता दिवस – राजेश जोगपाल

गुरुग्राम । मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 21 नवंबर को गुरुग्राम के लेजर वैली मैदान में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय सहकारिता समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। इस समारोह में हरियाणा प्रांत के लगभग 10 हजार सहकार पुरुष व महिलाएं भाग लेंगी। समारोह की तैयारियों को लेकर हरियाणा सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार राजेश जोगपाल ने अधिकारियों के साथ लघु सचिवालय सभागार में मीटिंग की तथा प्रबंध व्यवस्था को लेकर उन्होंने दिशा-निर्देश दिए। रजिस्ट्रार राजेश जोगपाल ने बताया कि सहकारिता क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में बड़े उत्साह के साथ सहकारिता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसका समापन कार्यक्रम 21 नवंबर को लेजर वैली मैदान गुरुग्राम में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मौजूद रहेंगे। सहकारिता सप्ताह के समापन समारोह में राज्य के सभी जिलों से करीब 10 हजार सहकार, कॉपरेटिव सोसायटीज के प्रबंध समिति सदस्य, कर्मचारी व अधिकारी आएंगे। सहकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लेजर वैली मैदान में इस आयोजन के लिए विशाल पंडाल लगाया जाएगा। समारोह में आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। वीआईपी पार्किंग को मंच के समीप बनाया जाए।

रजिस्ट्रार राजेश जोगपाल ने कहा कि सहकारिता समारोह में हरियाणा राज्य में सहकारिता क्षेत्र के विकास व योजनाओं को दर्शाती हुई शानदार प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति होगी।

मंच के आसपास रंगोली व सुंदर गमले लगवाए जाएं। इस अवसर पर एडीसी हितेश कुमार मीणा, एसडीएम बादशाहपुर अंकित कुमार चौकसे, नगराधीश आदित्य विक्रम, रोहित यादव सहित सहकारिता विभाग के उच्च अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्वांचली नेता अनिल झा भाजपा छोड़ आप में शामिल




नई दिल्ली । किराड़ी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के दो बार विधायक रहे अनिल झा रविवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। 32 वर्षों तक भाजपा में रहे अनिल झा ने कहा कि वहां पूर्वांचल के नेताओं एवं समाज की उपेक्षा हो रही है। वहीं, अरविंद केजरीवाल ने कच्ची कॉलोनियों में रहने वाले पूर्वांचली, दलित, महादलितों के लिए बीते 10 वर्षों में खूब विकास कार्य किए हैं। अरविंद केजरीवाल द्वारा किए गए कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने आप पार्टी का दामन थामा है। आप मुख्यालय में अरविंद केजरीवाल ने पटका एवं टोपी पहनाकर अनिल झा का पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में पूर्वांचल का जिक्र किया जाए तो बड़े नेताओं में अनिल झा का नाम शामिल है। उन्होंने विधायक एवं कार्यकर्ता रहते हुए पूर्वांचलियों के हित को ध्यान में रखते हुए काम किया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में शिक्षा एवं रोजगार के लिए पूर्वांचल से लोग आते हैं। दिल्ली की कच्ची कॉलोनियों में सबसे ज्यादा पूर्वांचल समाज के लोग रहते हैं। इनके साथ कांग्रेस और भाजपा ने केवल राजनीति की है। इनके लिए केवल आप ने बीते दस वर्षों में काम किया है। उन्होंने कहा कि अनिल झा के पार्टी में शामिल होने से न केवल किराड़ी इलाके में बल्कि दिल्ली के पूर्वांचल बहुल क्षेत्रों में पार्टी को मजबूती मिलेगी। अनिल झा ने कहा कि वह बिहार के मधुबनी से दिल्ली पढ़ने के लिए आए थे। उन्हें लगता था कि पूर्वांचल के लोगों को भाजपा से मदद मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अरविंद केजरीवाल की वजह से आज कच्ची कॉलोनियों में अच्छे सरकारी स्कूल बने हैं। मोहल्ला क्लीनिक में मुफ्त उपचार मिल रहा है। अन्य पार्टियों में बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं, लेकिन सामाजिक न्याय पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वर्ष 2015 से पहले जब कच्ची कॉलोनी में जाते थे तो वहां लोगों को पीने का पानी नहीं मिलता था। स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्कूल नहीं थे। मुख्यमंत्री बनने के बाद अधिकारियों ने उन्हें बताया कि इन क्षेत्रों में विकास नहीं हो सकता, लेकिन सभी बाधाओं को तोड़कर उनकी सरकार ने इन क्षेत्रों में विकास कार्य करवाए। अभी तक 1750 कच्ची कॉलोनियों में से 1650 में पीने का पानी पहुंचा दिया गया है। 10 हजार किलोमीटर सड़क इन क्षेत्रों में वह बनवा चुके हैं। केजरीवाल ने कहा कि वर्ष 2019 में दिल्ली विधानसभा चुनाव से पूर्व केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी ने ऐलान किया था कि कच्ची कॉलोनियों के लिए रजिस्ट्री खोली जा रही है। इस बात को पांच साल बीत गए हैं, लेकिन आज तक किसी भी परिवार की एक रजिस्ट्री नहीं हुई है। भाजपा ने कच्ची कॉलोनियों के लोगों को धोखा दिया है।

## मोदी ने बाल ठाकरे को श्रद्धांजलि दी, महाराष्ट्र के विकास केलिए काम करने वाला दूरदर्शी नेता बताया



नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह एक दूरदर्शी थे, जिन्होंने महाराष्ट्र के विकास और मराठी लोगों के सशक्तिकरण का समर्थन किया। शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे का लंबी बीमारी के बाद 17 नवंबर 2012 को मुंबई स्थित उनके निजी निवास स्थान 'मातोश्री' में निधन हो गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं महान बालासाहेब ठाकरे जी को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वे महाराष्ट्र के विकास और मराठी लोगों के सशक्तिकरण का समर्थन करने वाले एक दूरदर्शी व्यक्ति थे।'' उन्होंने कहा, ''वे भारतीय संस्कृति और लोकाचार के गौरव को बढ़ाने में दृढ़ विश्वास रखते थे। उनकी निर्भीक आवाज और अटूट भावना पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

'' एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में उद्धव ठाकरे के खिलाफ विद्रोह के बाद शिवसेना दो हिस्सों में बंट गई थी, जिसके महाराष्ट्र में बाद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार गिर गई थी।

इसके बाद शिंदे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलकर सरकार बना ली थी।

बाद में निर्वाचन आयोग ने शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को 'असली' शिवसेना के रूप में मान्यता दे दी थी।

## लाभ का पद मामला – सांसदों की अयोग्यता से जुड़े कानून में बदलाव चाहती है सरकार



नई दिल्ली ।सरकार 65 साल पुराने उस कानून को निरस्त करने की योजना बना रही है, जो लाभ के पद पर होने के कारण सांसदों को अयोग्य ठहराने का आधार प्रदान करता है। वह एक नया कानून लाने की योजना बना रही है, जो वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप हो।

केंद्रीय विधि मंत्रालय के विधायी विभाग ने 16वीं लोकसभा में कलराज मिश्र की अध्यक्षता वाली लाभ के पदों पर संयुक्त समिति (जेसीओपी) द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर तैयार 'संसद (अयोग्यता निवारण) विधेयक, 2024' का मसौदा पेश किया है। प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य मौजूदा संसद (अयोग्यता निवारण) अधिनियम, 1959 की धारा-3 को युक्तिसंगत बनाना और अनुसूची में दिए गए पदों की नकारात्मक सूची को हटाना है, जिसके धारण पर किसी जनप्रतिनिधि को अयोग्य ठहराया जा सकता है। इसमें मौजूदा अधिनियम और कुछ अन्य कानूनों के बीच टकराव को दूर करने का भी प्रस्ताव है, जिनमें अयोग्य न ठहराए जाने का स्पष्ट प्रावधान है। मसौदा विधेयक में कुछ मामलों में अयोग्यता के ''अस्थायी निलंबन'' से संबंधित मौजूदा कानून की धारा-4 को हटाने का भी प्रस्ताव है। इसमें इसके स्थान पर केंद्र सरकार को अधिसूचना जारी करके अनुसूची में संशोधन करने का अधिकार देने का भी प्रस्ताव है। मसौदा विधेयक पर जनता की राय मांगते हुए विभाग ने याद दिलाया कि संसद (अयोग्यता निवारण) अधिनियम, 1959 इसलिए बनाया गया था कि सरकार के अधीन आने वाले लाभ के कुछ पद अपने धारकों को संसद सदस्य बनने या चुने जाने के लिए अयोग्य नहीं ठहराएंगे। हालांकि, अधिनियम में उन पदों की सूची शामिल है, जिनके धारक अयोग्य नहीं ठहराए जाएंगे और उन पदों का भी जिक्र है, जिनके धारक अयोग्य करार दिए जाएंगे। संसद ने समय-समय पर इस अधिनियम में संशोधन किए हैं। सोलहवीं लोकसभा के दौरान की संयुक्त संसदीय समिति ने इस कानून की व्यापक समीक्षा करने के बाद एक रिपोर्ट पेश की। समिति ने विधि मंत्रालय के वर्तमान कानून की अप्रचलित प्रविष्टियों को ध्यान में रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इसकी एक प्रमुख सिफारिश यह थी कि 'लाभ के पद' शब्द को 'व्यापक तरीके' से परिभाषित किया जाए।

## गलगोटिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन फार्मा इनोवेशन समिट 2024 का सफल समापन




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

ग्रेटर नोएडा । गलगोटियास कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा 15-16 नवंबर, 2024 को दो दिवसीय फार्मा इनोवेशन समिट 2024 के सफल आयोजन का आज समापन किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शीर्षक था बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिए दवा खोज और इनोवेटिव डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के माध्यम से चिकित्सा में भविष्य बनाना। इस कार्यक्रम में 450 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें विश्वभर से शैक्षणिक और औद्योगिक विशेषज्ञ, शोधकर्ता और पेशेवर शामिल थे। सम्मेलन ने ज्ञान और सहयोग के आदान-प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। दो दिवसीय सम्मेलन के प्रमुख बिंदु-प्रथम दिवस की चचा डॉ. कार्स्टन मैडर ने पैरेंट्रल कंट्रोल्ड रिलीज़ मेडिकल नीड्स, चैलेंजेस और न्यू डेवलपमेंट्स विषय पर व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने पुरानी बीमारियों के प्रबंधन में निरंतर दवा वितरण प्रणालियों के महत्व पर जोर दिया। जामिया हमदर्द, नई दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. फरहान जलीस अहमद ने दवा वितरण के आधुनिक रुझानों पर चर्चा की, जिसमें लिपोसोम्स और नैनोपार्टिकल्स जैसी नवीन विधियों के उपयोग की बात कही। एम्स्ट यूनिवर्सिटी, मलेशिया के प्रोफेसर डॉ. नीरज फुलोरिया ने ऑर्थोमोलेक्यूलर मेडिसिन पर व्याख्यान दिया, जो शरीर में प्राकृतिक रूप से उपस्थित विटामिन और खनिजों के उपयोग पर केंद्रित है। सेंट जॉन्स यूनिवर्सिटी, न्यूयॉर्क के प्रोफेसर डॉ. केतन पटेल ने अगली पीढ़ी की दवाओं के वितरण के लिए उभरती हुई निर्माण तकनीकों पर प्रकाश डाला और प्रतिभागियों को फार्मास्युटिकल विज्ञान में नए नवाचारों को अपनाने का आग्रह किया। दूसरे दिन की चचा-दूसरे दिन, दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. देवेश तिवारी ने स्थानीय ज्ञान, वैश्विक प्रभाव विषय पर परंपरागत चिकित्सा और जमीनी नवाचारों की भूमिका पर चर्चा की। इसके बाद आईएनएमएएस-डीआरडीओ के पूर्व वैज्ञानिक, डॉ. असीम भटनागर ने फार्मास्युटिकल नवाचारों के व्यावसायीकरण पर बात की। यूनिवर्सिटी ऑफ जेनेवा, स्विट्ज़रलैंड के प्रोफेसर डॉ. टुडोर आर्विंटे ने मानव प्लाज्मा में बायोफार्मास्युटिकल्स के एग्रीगेशन पर अपने केस स्टडीज प्रस्तुत किए, जिसमें पेगफिलग्रास्टिम और फिलग्रास्टिम पर चर्चा की गई। इंटरएक्टिव सत्र और पुरस्कार वितरण-सम्मेलन में विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में आयोजित किया गया। प्रस्तुतियों का मूल्यांकन वैज्ञानिक विशेषज्ञों की एक पैनल द्वारा किया गया और सर्वश्रेष्ठ मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। समापन समारोह-सम्मेलन का समापन समापन समारोह और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. शहीन सुल्ताना ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया, जिसमें आयोजन समिति, छात्रों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के अथक प्रयासों की सराहना की गई। गलगोटियाज विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने प्रतिभागियों के उत्साहपूर्ण योगदान की सराहना की और कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन फार्मास्युटिकल विज्ञान में नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देते हैं, जो अंततः स्वास्थ्य सेवा परिणामों में सुधार लाने में सहायक होते हैं। फार्मा इनोवेशन समिट 2024 ने दवा खोज और वितरण के क्षेत्र में एक नई मानक स्थापित किया है। इसने विशेषज्ञों को अपने शोध, विचारों और नवाचारों को साझा करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया, जो भविष्य के सहयोग और विकास का मार्ग प्रशस्त करता है।

समापन समारोह का समापन गलगोटियाज कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक डॉ. विक्रम शर्मा द्वारा ज्ञानवर्धक शब्दों से किया गया।

## कैलाश गहलोत का इस्तीफा प्रमाण है कि 'आप' पार्टी अब बिखर गई है – विजेंद्र गुप्ता



नई दिल्ली । दिल्ली सरकार के मंत्री कैलाश गहलोत ने पार्टी और पद से इस्तीफा दे दिया है। कैलाश गहलोत के इस्तीफे और पार्टी छोड़ने पर भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने प्रतिक्रिया दी है। भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत का इस्तीफा इस बात का प्रमाण है कि 'आप' पार्टी अब बिखर गई है। आम आदमी पार्टी अब एक डूबता हुआ जहाज है। कैलाश गहलोत का इस्तीफा आम आदमी पार्टी के ताबूत में आखिरी कील का काम करेगा। जो आरोप इस्तीफा देते समय कैलाश गहलोत ने लगाए हैं, आज उसको पूरी दिल्ली कह रही है। लेकिन अब पार्टी के अंदर से भी जब यह आवाज उठ रही है कि शीश महल, जो पूरी तरह से केजरीवाल के दोहरे चरित्र को उजागर करता है, को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। जिस मूल्य को लेकर यह पार्टी बनाई गई थी, यह पार्टी उस रास्ते से भटक गई है। इसलिए इसका अस्तित्व समाप्त होना निश्चित है। भ्रष्टाचार में डूबी पार्टी के मंत्री अगर पार्टी के पद से इस्तीफा देते हैं और पार्टी छोड़ते हैं, तो इसका मतलब साफ है कि पार्टी में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। दिल्ली के दो करोड़ लोगों का भविष्य ऐसी पार्टी के हाथ में नहीं दिया जा सकता है। यमुना का मैलापन अब पार्टी के अंदर से यह आवाज उठा रहा है कि अरविंद केजरीवाल आपने कहा था कि दो 2025 में चुनाव में वोट मांगने तब जाऊंगा जब यमुना को साफ कर दूंगा। लेकिन यमुना तो एक गंदे नाले के रूप में परिवर्तित है। अगर आपके मंत्री ने यह सवाल किए हैं तो आम आदमी पार्टी चुप क्यों है? बता दें कि दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दयिा है।

उन्हों ने आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को इस आशय का एक पत्र लिखते हुए पार्टी व सरकार पर कई आरोप भी लगाए। कैलाश गहलोत ने पत्र में आरोप लगाया दल्लिीए सरकार और आम आदमी पार्टी अपना समय केंद्र से विवाद करने में ही व्यतीत करती रहती है। यह हर समय केंद्र से आरोप-प्रत्यीारोप में उलझी रहती है। इससे विकास कार्य प्रभावित होते हैं। पार्टी की रुचि जनता से कएि वादों को पूरा करने में नहीं है। पार्टी अपना समय केवल केंद्र सरकार से वाद-विवाद करने में ही नष्ट करती रहती है। केंद्र सरकार से तालमेल न होने के कारण जनहति के कार्य नहीं हो पाते। जनता को जो सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए, वह उसे नहीं मलि पाती। गहलोत ने पत्र में यमुना सफाई का मुद्दा भी उठाया। उन्हों ने कहा कि जनता से वादा करने के बावजूद दस साल में भी हमारी सरकार इस दिशा में कोई सार्थक कदम नहीं उठा सकी। दिल्लीत में यमुना की हालत बद से बदतर होती गई। दस सालों में प्रदूषण कम होने की बजाय बढ़ता गया। हम जनता से किए वादे को पूरा नहीं कर पाए।

## 'आप' केवल अरविंद केजरीवाल के हितों के लिए काम कर रही – भाजपा

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता कैलाश गहलोत ने पार्टी छोड़ दी है, क्योंकि 'आप' अपने राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के हितों के लिए काम करने की खातिर उन मूल्यों से भटक गई है, जिनकी बुनियाद पर इस पार्टी को खड़ा किया गया था। 'आप' पर तीखे वार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि पार्टी ने खास बनने के लिए अपने ''राजनीतिक मूल्य बदल'' लिए। भाजपा नेता ने कहा, ''पार्टी छोड़ने वाला हर व्यक्ति निराश है, क्योंकि आम आदमी पार्टी अब केवल अरविंद केजरीवाल की पार्टी बन गई है। यह 'अरविंद आदमी पार्टी' बन गई है।'' गहलोत ने यह आरोप लगाते हुए रविवार को 'आप' छोड़ दी कि राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के आगे लोगों के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता पीछे रह गई है और ''हम लोगों के अधिकारों के बजाय केवल अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए लड़ रहे हैं।'' इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए पूनावाला ने कहा, ''अपने इस्तीफे में कैलाश गहलोत ने कहा है कि आम आदमी पार्टी (आप) एक 'खास' पार्टी बन गई है, जिसने राजनीतिक स्वरूप बदल लिया है और सभी मूल्यों (जिसके लिए पार्टी बनी थी) से दूर हो गई है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि 'आप' भ्रष्टाचार में लिप्त है और उसने दिल्ली के लोगों से किए गए सभी वादे तोड़ दिए, चाहे वह राष्ट्रीय राजधानी को प्रदूषण मुक्त करना हो या यमुना नदी की सफाई करना हो।

पूनावाला ने कहा, ''और जो लोग वादा करते थे कि वे कांग्रेस के साथ हाथ नहीं मिलाएंगे और बड़े-बड़े बंगले स्वीकार नहीं करेंगे, वे 'शीशमहल' में व्यस्त हो गए और अपने निजी हितों को अधिक महत्व देने लगे।'' भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि गहलोत ने केवल पार्टी नहीं छोड़ी है, बल्कि केजरीवाल को ''बेनकाब'' भी किया है। उन्होंने कहा, ''अन्ना हजारे, योगेंद्र यादव और कुमार विश्वास ने भी यही सब बातें कही थीं।'' भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने गहलोत के इस्तीफे का स्वागत करते हुए कहा कि उन्होंने एक साहसी कदम उठाया है। सचदेवा ने कहा, ''गहलोत ने उन्हीं मुद्दों को उठाते हुए पद छोड़ा है, जिनके लिए भाजपा केजरीवाल और 'आप' के खिलाफ लड़ाई कर रही थी। उनके इस्तीफे से साबित होता है कि 'आप' के नेता भी केजरीवाल को ईमानदार नहीं मानते हैं।'' नजफगढ़ से विधायक गहलोत ने तत्काल प्रभाव से मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। गहलोत गृह, प्रशासनिक सुधार, आईटी और महिला एवं बाल विकास विभाग संभाल रहे थे। 'आप' के वरिष्ठ नेता ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है, जब पार्टी अगले साल फरवरी में प्रस्तावित दिल्ली विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुटी है।

# सामाजिक सरोकार की अनुकरणीय व प्रेरणादायक पहल





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

**21 कामकाजी युवाओं और 1 महिला सामाजिक कार्यकर्ता ने अपने नेक कमाई से 120 जरूरतमंद विद्यार्थियों को वितरित की स्वेटर**

झज्जर। अपने लिए तो सब जीते हैं सही मायने मे दूसरे के लिए जीना ही जीवन है द्व यदि जीवन का उद्देश्य दूसरों की भलाई बन जाए तो उससे प्रेरणादायक व नेक काम कुछ नहीं हो सकता है द्व झज्जर जिला मुख्यालय के अंतिम छोर पर बसे वीरों की देवभूमि कहे जाने वाले गांव धारौली की सामाजिक संस्था मां-मातृभूमि सेवा समिति द्वारा सामाजिक सरोकार की भावना और मानवीय नैतिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव अंबोली, जिला झज्जर के 120 जरूरतमंद विद्यार्थियों को आयोजित वस्त्र समर्पण सेवा कार्यक्रम में नि:शुल्क स्वेटर वितरण की गई द्व प्रसिद्ध समाजसेवी एवं शिक्षाविद् माननीय चेयरमैन सुखबीर जाखड़ ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे पधारे। अपने संबोधन में सुखबीर जाखड़ ने विद्यार्थियों की हर क्षेत्र में सफलता की कामना करते हुए भविष्य में कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित किया। जोगिंद्र यादव, डायरेक्टर, मेडी-जेईई करियर इंस्टीट्यूट, कोसली और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित मंजीत सिंह अम्बोली निवासी, प्रो. श्री हँस बैग हाउस, रेलवे स्टेशन कोसली के पिता श्री बलबीर सिंह ने कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने संबोधन मे जोगिंद्र यादव ने कहा कि ज़रूरतमंदों की मदद करना हमारा कर्तव्य है।

माननीय राजेश यादव, प्रिंसिपल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव अंबोली, जिला झज्जर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की द्व प्रिंसिपल ने मां-मातृभूमि सेवा समिति की विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्वेटर वितरण करने की अनूठी पहल की भूरी भूरी प्रशंसा की। समाजसेवी व शिक्षक डॉ. महावीर सिंह ने अपने जोशीले शब्दों से कुशलतापूर्वक मंच का संचालन करके वस्त्र समर्पण सेवा कार्यक्रम को यादगार बना दिया। 21 बार रक्तदान कर चुके युद्धवीर सिंह लांबा, अध्यक्ष, मां-मातृभूमि सेवा समिति, वीरों की देवभूमि धारौली ने बताया कि 1.माननीय सुखबीर जाखड़, चेयरमैन, रिलायंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स 2.शिक्षा के साथ साथ सामाजिक सरोकार का दायित्व भी बेखुबी निभा रहे मास्टर हरबीर मल्हान गिरधरपुर निवासी 3.पर्यावरण संरक्षण को समर्पित मंजीत सिंह, अम्बोली निवासी, प्रो. श्री हँस बैग हाउस, रेलवे स्टेशन कोसली 4.युद्धवीर सिंह लांबा,वीरों की देवभूमि धारौली 5.श्री धर्मेंद्र यादव, मेडी-जेईई करियर इंस्टीट्यूट कोसली 6.समाजसेवी सागर यादव, (फिजिकल ट्रेनर ऑफ़ इंडियन नेवी) रेलवे स्टेशन कोसली 7.हरियाणा सरकार में जूनियर इंजीनियर अजय मलिक, खानपुर कलां, सोनीपत 8.ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल, बहादुरगढ़ और नवजीवन हॉस्पिटल, मॉडल टाउन रोहतक के मैनेजर विक्रांत शर्मा 9.धारौली निवासी नवीन लांबा जी सुपुत्र स्व. मांगे राम 10.असिस्टेंट टैक्सेशन ऑफिसर के पद पर कार्यरत, संजीव घणघस, गाँव जताई, जिला भिवानी 11.कोसली रेलवे स्टेशन में नाहड रोड पर %सोनू मोटर वाइंडिंग सेंटर% प्रो. सोनू कुमार धारौली निवासी 12.इंजीनियर अजय जांगड़ा भिवानी सरकारी बैंक में कार्यरत 13. प्रेमसुख कुमार, प्रो., बिट्टू स्कूल ड्रेस, रेलवे स्टेशन कोसली 14.इंजीनियर अमित दांगी, गांव मदीना, रोहतक 15.रक्तदानी नितेश भौरिया, प्रो.अर्बन युवा रेडीमेड स्टोर, कोसली में कपड़ों की मशहूर दुकान 16.झज्जर निवासी श्री नरसिंह, सरकारी बैंक में कार्यरत 17.कोसली गांव के कमला मेडिकल स्टोर के प्रो.विक्रम यादव 18.कृष्ण सिंह, असिस्टेंट रजिस्ट्रार पद पर कार्यरत 19.मास्टर रोहित यादव, कोसली निवासी 20.श्रीमती अनार बाला, सामाजिक कार्यकर्ता कोसली 21.समाजसेवी व शिक्षाविद मास्टर पवन कुमार, गांव धनीरवास झज्जर निवासी 22.असिस्टेंट प्रोफेसर व करियर काउंसलर यशपाल चोपड़ा, बहादुरगढ़ निवासी आदि ने अपनी ईमानदारी व कड़ी मेहनत से कमाया नेक धन से कार्यक्रम के सफल आयोजन मे सहयोग दिया।

# आप में फूटने लगा है असंतोष व आक्रोश का लावा - खंडेलवाल



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए कहा है कि यहां की बुनियादी समस्याओं को हल कर पाने में प्रदेश सरकार पूरी तरह से विफल रही है और इसी वजह से आप में असंतोष तथा आक्रोश का लावा फूटने लगा है। श्री खंडेलवाल ने रविवार को प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश गहलोत के आप से और मंत्रिमंडल से इस्तीफे देने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि श्री अरविंद केजरीवाल और आप का ईमानदारी और नैतिकता के ढोंग की सच्चाई उजागर हो गई है। उन्होंने कहा,卐श्री कैलाश गहलोत का इस्तीफा स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि आम आदमी पार्टी के भीतर असंतोष और आक्रोश का लावा है, क्योंकि दिल्ली की बुनियादी समस्याओं को हल करने में दिल्ली सरकार पूरी तरफ़ विफल साबित हुई है और दिल्ली के लोगों को नारकीय जीवन जीने को मजबूर कर दिया है, जिसकी ज़िम्मेदारी से श्री केजरीवाल और आप सरकार बच नहीं सकती है। उन्होंने श्री केजरीवाल पर झूठे वादे करने और दिल्ली के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा,श्री अरविंद केजरीवाल खोखले वादों से जनता को गुमराह करते रहते हैं और दिल्ली की प्रगति के लिए कुछ नहीं किया है। उन्होंने कहा कि श्री गहलोत ने पार्टी की विफलताओं को स्वीकार करने की शालीनता दिखाई है। उनका इस्तीफा एक ऐसा साहस और जवाबदेही का संकेत है, जो आप के नेतृत्व में पूरी तरह से गायब है। दिल्ली की चांदनी चौक सीट से भाजपा सांसद ने कहा कि श्री गहलोत का इस्तीफा आम आदमी पार्टी की गिरती साख का मजबूत संदेश है और यह बताता है कि आप आंतरिक भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन से ग्रस्त है। उन्होंने ने दिल्ली के नागरिकों से पारदर्शी और प्रभावी नेतृत्व की आवश्यकता को पहचानने का आग्रह किया तथा यहां और देश की वास्तविक प्रगति के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी।

# अब भारत 44 सेकंड में 60 किमी. दूर तक सात टन विस्फोटक से हमला करने में हुआ सक्षम

**तेजी से फायरिंग करते हुए रॉकेट के 216 लॉन्चर दुश्मन को बचने का कोई मौका नहीं देंगे**



नई दिल्ली। गाइडेड पिनाका रॉकेट के सभी 12 परीक्षण पूरे होने के बाद अब भारत 44 सेकंड में 60 किमी. दूर तक सात टन विस्फोटक से हमला करने में सक्षम हो गया है। सेना ने पहली बार वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तानी घुसपैठियों के ठिकानों पर इसी पिनाका मल्टीपल-बैरल रॉकेट लॉन्चर से तबाही मचाई थी। रॉकेट के 216 लॉन्चर ट्यूब 60 किलोमीटर दूर लक्ष्य पर केवल 44 सेकंड में सात टन उच्च विस्फोटक बरसाकर दुश्मन को बचने का कोई मौका नहीं देंगे। कारगिल युद्ध के दौरान यह हथियार प्रणाली विकास के अधीन थी, लेकिन उस समय सेना ने पाकिस्तानी घुसपैठियों के ठिकानों पर इसी से बड़े पैमाने पर तबाही मचाई थी। इससे प्रभावित होकर भारतीय सेना ने अपने सोवियत युग के एमबीआरएल ग्रैड बीएम-21 को स्वदेशी एमबीआरएल से बदलने का फैसला किया। इसी के बाद पिनाका परियोजना को पुणे में डीआरडीओ की दो प्रयोगशालाओं आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एआरडीई) और हाई एनर्जी मैटेरियल्स रिसर्च लैबोरेटरी (एचईएमआरएल) ने निजी क्षेत्र की दो फर्मों लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) और टाटा पावर कंपनी लिमिटेड (टीपीसीएल) के साथ साझेदारी में इसका विकास किया गया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 14 नवंबर को भारतीय सेना की सबसे विनाशकारी फायर सपोर्ट प्रणालियों में से एक स्वदेशी निर्देशित पिनाका हथियार प्रणाली के सभी 12 उड़ान परीक्षण पूरे करने का ऐलान किया। पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लांचर (एमबीआरएल) 216 लांचर ट्यूबों के माध्यम से 44 सेकंड में 60 किमी दूर स्थित लक्ष्य तक सात टन तक विस्फोटक पहुंचा सकता है। इसकी एक इकाई में 18 लॉन्चर होते हैं, जिनमें से प्रत्येक 12 लॉन्चर ट्यूबों से दुश्मन पर फायरिंग की जा सकती है। तेजी से फायरिंग करते हुए ये 216 लॉन्चर ट्यूब 60 किलोमीटर दूर एक लक्ष्य पर केवल 44 सेकंड में सात टन उच्च विस्फोटक बरसा सकते हैं, जिससे दुश्मन सैनिकों को बचने का मौका भी नहीं मिलता है। भगवान शिव के प्रसिद्ध धनुष पिनाक के नाम पर विकसित पिनाका हथियार प्रणाली पूरी कार्रवाई में महज तीन मिनट का समय लेती है। सेना के पास पहले से 10 पिनाका रेजिमेंट हैं, जिसके बाद रक्षा मंत्रालय ने लंबी दूरी की पिनाका मार्क द्वद्व एमएलआरएस की 12 इकाइयों के लिए अगस्त, 2020 में 2,580 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। कुल 22 पिनाका रेजिमेंट की लागत 21 हजार करोड़ रुपये होगी। लॉन्चर उत्पादन एजेंसियों ने अपग्रेड किए गए लॉन्चरों से सभी उड़ान परीक्षण तीन चरणों में विभिन्न फील्ड फायरिंग रेंजों में किए हैं। पिनाका रॉकेट के सभी 12 परीक्षण पूरे होने के बाद अब इनके उत्पादन का रास्ता साफ हो गया है।

# श्रीकृष्ण कृपा धाम का त्रिदिवसीय शरदोत्सव धूमधाम से संपन्न






उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

वृन्दावन। के परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीकृष्ण कृपा धाम में त्रिदिवसीय (14 से 16 अक्टूबर 2024 पर्यन्त) दिव्य व भव्य शरदोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ ।महोत्सव का शुभारंभ अनेक प्रख्यात संतों व विद्वानों ने श्रीराधाकृष्ण के चित्रपट के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य दीप प्रज्ज्वलित करके एवं पुष्प अर्पित करके किया।साथ ही ठाकुर श्रीकृष्ण कृपा बिहारी महाराज का भव्य श्रृंगार किया गया।साथ ही उनको 56 भोग लगाए गए।महोत्सव के अंतर्गत आयोजित वृहद संत सम्मेलन में श्रीकृष्ण कृपा धाम के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर गीतामनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि शरद पूर्णिमा शीत ऋतु का विशिष्ट पर्व है।शरद पूर्णिमा का चंद्रमा और उसकी उज्ज्वल चंद्रिका सभी को माधुर्य व आनंद की अनुभूति कराती है। शरद पूर्णिमा की दिव्य व भव्य रात्रि के चंद्रमा की चांदनी में अमृत समाहित होकर पृथ्वी पर बरसता है। महामंडलेश्वर कार्ष्णि स्वामी गुरुशरणानंद महाराज ने कहा कि शरद पूर्णिमा पर श्रीधाम वृन्दावन के वंशीवट पर हुआ महारास धर्म व अध्यात्म जगत का एक प्रमुख आख्यान है। वस्तुत: परमात्मा व जीवात्मा का मधुर मिलन ही महारास है। क्योंकि यह गोपियों द्वारा अपने मोक्ष की कामना से किया गया था। जगद्गुरू शंकराचार्य भानुपुरा पीठाधीश्वर स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ महाराज ने कहा कि महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज न केवल धर्म व अध्यात्म जगत की अपितु समाजसेवा की भी एक बहुमूल्य निधि हैं। जिनके द्वारा समूचे विश्व में गीता जी के प्रचार के साथ-साथ समाजसेवा के भी विभिन्न सेवा प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं।अखंडानंद आश्रम के महंत स्वामी श्रवणानन्द सरस्वती महाराज एवं संत स्वामी गिरिशानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि शरद पूर्णिमा ग्रीष्म ऋतु से शरद ऋतु में प्रवेश का द्वार है।इसे भक्ति व प्रेम के रस का सागर भी माना गया है। शरद पूर्णिमा कन्हैया की वंशी का प्रेम नाद एवं जीवात्मा व परमात्मा के रास रस के आनंद का केंद्र है।इसीलिए इसे लोक कथाओं से लेकर शास्त्रों तक में शुभ व मंगलकारी बताया गया है। श्रीनाभा पीठाधीश्वर स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज एवं सुग्रीवकिला पीठाधीश्वर अयोध्या/वृन्दावन श्रीमज्जगद्गुरु स्वामी विश्वेशप्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर गीता ज्ञान संस्थानम् की स्थापना करके एक ऐतिहासिक कार्य किया है।जिसके माध्यम से श्रीमद्भगवद्गीता का प्रचार-प्रसार समूचे विश्व में हो रहा है।जिससे असंख्य व्यक्ति लाभान्वित होकर कृष्ण भक्ति की ओर अग्रसर हो रहे हैं। महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद महाराज (पंजाब) एवं चतु: संप्रदाय के श्रीमहंत फूलडोल बिहारीदास महाराज ने कहा कि शरद पूर्णिमा जीवन को एक नई प्रेरणा देने के साथ-साथ जीवन के उत्थान का आधार और उसे सही दिशा दिखाने का माध्यम भी है।इसीलिए इसका महत्व और अधिक बढ़ जाता है। श्रीकृष्ण कृपा संजीवनी मासिक पत्रिका के संपादक डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री ने कहा कि शरद पूर्णिमा शीत ऋतु का उद्घोषक पर्व है।इस तिथि को चंद्रमा से झरने वाली अमृतमयी किरणें समूची प्रकृति को आलोकित करती हैं।इससे न केवल प्रकृति अपितु हम सभी का मन भी प्रफुल्लित व पुलकित हो जाता है

सेवा मंगलम् के अध्यक्ष स्वामी गोविंदानंद तीर्थ महाराज एवं प्रख्यात भागवताचार्य श्रीराम मुद्गल महाराज ने कहा कि शरद पूर्णिमा की महिमा इतनी अधिक है कि इस तिथि को देवराज इंद्र तक ने मां महालक्ष्मी की स्तुति की थी।क्योंकि महालक्ष्मी धन के अतिरिक्त यश, उन्नति, सौभाग्य व सौंदर्य आदि की भी देवी हैं। गौसेवी संत कृष्णानंद महाराज भूरी वाले एवं महामंडलेश्वर स्वामी चित्तप्रकाशानन्द महाराज ने कहा कि शरद पूर्णिमा जितनी पावन व पुनीत किसी भी ऋतु की कोई रात्रि नहीं है।शरद पूर्णिमा महालक्ष्मी का भी पर्व है।ऐसी मान्यता है कि धन संपति की अधिष्ठात्री महालक्ष्मी शरद पूर्णिमा की रात्रि में पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं।अत- यह लक्ष्मी पूजा का भी पर्व है। आचार्य/भागवत पीठाधीश्वर मारूतिनंदनाचार्य वागीश महाराज एवं आचार्य नेत्रपाल शास्त्री ने कहा कि श्रीधाम वृन्दावन भगवान श्रीकृष्ण व श्रीराधा रानी की लीला स्थली है।इस धाम की परिक्रमा करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।साथ ही परिक्रमा करने वाले भक्तों पर श्रीराधा-कृष्ण की अपार कृपा बनी रहती है।ऐसे महिमामयी श्रीधाम वृन्दावन को साफ-सुथरा रखना हम सभी का परम् कर्तव्य व दायित्व है। महोत्सव के अंतर्गत चले रहे त्रिदिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में प्रख्यात आयुर्वेदिकाचार्य आचार्य मनीष व मेदांता मेडिसिटी, गुरुग्राम के चिकित्सक डॉ. अशोक सम्राट के द्वारा असंख्य रोगियों का परीक्षण करके उनका उपचार किया गया।साथ ही उन्हें नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।इसके अलावा देश-विदेश से आए सैकड़ों भक्तों-श्रद्धालुओं के द्वारा महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन सानिध्य में श्रीधाम वृन्दावन की पंच कोसी परिक्रमा की गई।साथ ही सम्पूर्ण परिक्रमा मार्ग में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया।इससे पूर्व श्रीहनुमद् आराधन मंडल के द्वारा सुंदरकांड का संगीतमय सामूहिक पाठ किया गया।

महोत्सव में पधारे सभी महामण्डलेश्वरों, महंतों, संतो, विद्वानों आदि को गीतामनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कंबल, मिष्ठान, अंग वस्त्र, च्यवनप्राश, दक्षिणा आदि देकर सम्मानित किया।संत सम्मेलन में महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानन्द महाराज,महामंडलेश्वर स्वामी नवल गिरि महाराज, पूर्व गृह सचिव मणिप्रसाद मिश्रा, स्वामी धर्मदेव महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. आदित्यानंद महाराज, संत रसिया बाबा, भागवताचार्य विपिन बापू, श्रीराम कथा मर्मज्ञ अशोक व्यास डॉ. रमेश चंद्राचार्य विधिशास्त्री, महंत ब्रजबिहारी दास, संत सेवानंद ब्रह्मचारी, बाबा भूपेंद्र सिंह (पटियाला), एडवोकेट महेन्द्र प्रताप सिंह, आचार्य बद्रीश महाराज, सौरभ गौड़, संगीतज्ञ स्वामी देवकीनंदन शर्मा, ध्रुव शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा, आचार्य रमाकांत शास्त्री, बालशुक पुंडरीक कृष्ण महाराज,आचार्य केशव कृष्णदेव महाराज, भजन गायक चंदन महाराज, अनूप देव (जबलपुर), मुकेश मोहन शास्त्री, आचार्य बुद्धिप्रकाश महाराज, रासाचार्य स्वामी भुवनेश्वर वशिष्ठ, युवराज श्रीधराचार्य महाराज, ईश्वरचंद्र रावत, संत रासबिहारी दास, डॉ. संजय श्रीवास्तव, अशोक चावला, शक्तिस्वरूप ब्रह्मचारी, वासुदेव शरण, गोविंद ब्रह्मचारी महाराज, मोहन गोयल, सुदर्शन अग्रवाल आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति विशेष रही।संचालन सुरेश गोयल ने किया।शरदोत्सव के तीनों दिन सुमधुर भजन संध्या का भव्य आयोजन भी संपन्न हुआ।

जिसमें प्रख्यात भजन गायक बाबा चित्र-विचित्र महाराज, महावीर शर्मा एवं रतन रसिक आदि ने अपनी मधुर वाणी के द्वारा श्रीराधा-कृष्ण की महिमा से ओत-प्रोत भजनों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया।

इसके अलावा संत,ब्रजवासी, वैष्णव सेवा और वृहद भंडारा चला। जिसमें हजारों लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# साबरमती रिपोर्ट फिल्म पर प्रधानमंत्री ने दी प्रतिक्रिया, कहा-तथ्य एक दिन सबके सामने आ ही जाते हैं



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि झूठ का कथानक थोड़े समय के लिए ही रहता है और आखिरकार तथ्य एक दिन सबके सामने आ ही जाते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर हालिया रिलीज फिल्म %साबरमती रिपोर्ट के बारे में एक पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि फिल्म ने सत्य को सामने लाया है और लोगों की भाषा में इसे समझाने की कोशिश की है। सोशल मीडिया पर आलोक भट्ट यूजर ने अपने एक एक्स पोस्ट में फिल्म के बारे में कुछ बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि फिल्म इंग्लिश पत्रकारों और हिंदी पत्रकारों के बीच का अंतर समझती है। वह लिखते हैं कि यह फिल्म वास्तव में उन 59 निर्दोष पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए एक उपयुक्त श्रद्धांजलि है जिन्हें हमने उस फरवरी की सुबह खो दिया था। साथ ही फिल्म एक बड़े मुद्दे पर हम सभी के लिए यह आत्मनिरीक्षण करने लायक है कि कैसे साबरमती एक्सप्रेस के यात्रियों को जलाकर मार डालने की घटना को एक निहित स्वार्थी समूह ने राजनीतिक बारूदी सुरंग में बदल दिया, जिसने इसे एक नेता की छवि को धूमिल करने के साधन के रूप में देखा। उनके पारिस्थितिकी तंत्र ने अपने स्वयं के तुच्छ एजेंडे को संतुष्ट करने के लिए एक के बाद एक झूठ फैलाए।

# राजस्थान के बूंदी में बस पलटने से तीन लोगों की मौत, 13 घायल




कोटा। राजस्थान के बूंदी जिले में लालसोट-कोटा मेगा राजमार्ग पर तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक निजी बस खंभे से टकराकर पलट गई, जिससे इसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि शनिवार देर रात करीब दो बजे तेज रफ्तार बस 43 यात्रियों को लेकर सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा स्थित माताजी मंदिर से लौट रही थी, उस दौरान ही यह हादसा हो गया। इस दुर्घटना में अरविंद सिंह (62), अंतिम कुमार वैष्णव (28) और बस के कंडक्टर मांगीलाल राठौर (60) की मौत हो गई। एक तीर्थयात्री ने संवाददाताओं को बताया कि बस बहुत तेज गति से चल रही थी, तभी चालक ने सड़क पर एक गड्ढे से बस को बचाने का प्रयास किया, जिससे बस उसके नियंत्रण से बाहर हो गई और सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकराकर पलट गई।

पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) आशीष भार्गव ने बताया कि अरविंद सिंह और अंतिम कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कंडक्टर ने कोटा के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। डीएसपी ने बताया कि घायलों को कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दो महिलाओं समेत तीन घायलों की हालत गंभीर है। भार्गव ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

# रसिक शिरोमणि श्रीहरिराम व्यासजी महाराज का 514 वां प्राकट्योत्सव धूमधाम से प्रारंभ





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

वृन्दावन। बाग बुंदेला क्षेत्र स्थित किशोर वन में विशाखा सखी के अवतार श्रीमाध्वमत मार्तण्ड रसिक शिरोमणि श्रीहरिराम व्यासजी महाराज का 514वां चतुर्दिवसीय प्राकट्योत्सव धार्मिक एवं आध्यात्मिक अनुष्ठानों के मध्य प्रारंभ हो गया है।महोत्सव के प्रथम दिन प्रात:काल में सुप्रसिद्ध भजन गायक जे.एस.आर. मधुकर के द्वारा श्रीव्यासजी महाराज के रचित ग्रन्थों पर भावमय भजन रस धारा की प्रस्तुति दी गई।जिसमें उन्होंने किशोरी मोहै अपनौ कर लीजै, श्रीवृन्दावन दीजै, परम धन राधा नाम अधार, हरि जी हम कब होयेंगे ब्रजवासी आदि पदों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य का गायन किया गया।जिसे श्रवण कर सभी भक्त-श्रद्धालु आत्मविभोर होकर आनंदित हो रहे थे। तत्पश्चात् सायंकाल में ब्रज के रसिक मुखिया व समाजियों द्वारा मंगल बधाई समाज गायन किया गया। जिसके अंतर्गत श्रीहरिराम व्यासजी महाराज कृत श्रीव्यासवाणी के रसमय पद ''श्रीगुरू सुकुल सहचरि ध्याऊ, दम्पति सुखरस सारं, श्रीवृन्दावनधन वीथिन वीथिन, कुन्जनि कुन्जबिहारं, जय जय जय श्रीव्यास शुक्ल कुल तन लियौ, अनुपम मार्ग बताय सबन निर्भय कियौ आदि गायन किया गया। किशोर वन के सेवायत आचार्य घनश्याम किशोर गोस्वामी एवं आचार्य जयकिशोर गोस्वामी ने सभी रसिक संतों एवं समाजियों का ठाकुरजी का पटुका-प्रसादी-माला, अंगवस्त्र एवं दक्षिणा आदि देकर सम्मान किया। इस अवसर पर मुखिया प्रेमदास, अलबेली शरण, प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, डॉ. राधाकांत शर्मा, आचार्य हेम किशोर गोस्वामी, चंद्रकिशोर गोस्वामी, उपेन्द्र किशोर गोस्वामी, हितकिशोर गोस्वामी, ललित किशोर गोस्वामी, उत्कर्ष किशोर गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

# मंत्री असीम अरुण ने तूफानी दौरा कर की संजीव शर्मा को जीताने की अपील

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

भारतीय जनता पार्टी के लिए चुनाव प्रचार को मजबूती देने हेतु उत्तर प्रदेश के मंत्री असीम अरुण ने आज महागनर में तूफानी दौरा किया। उनका उद्देश्य पार्टी प्रत्याशी संजीव शर्मा को विजयी बनाने के लिए हिंदुत्व शक्ति के साथ दलित समाज को एकजुट करना और समाज के मुद्दों पर चर्चा कर उन्हें पार्टी के पक्ष में प्रेरित करना था। मंत्री असीम अरुण ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर समाज के प्रमुख लोगों और समुदाय के वरिष्ठ प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने भाजपा सरकार की सर्व कल्याणकारी योजनाओं और दलित समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को विस्तार से बताया। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण ने रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर जमकर हमला बोला। जो बंटेगा, वो कटेगा बयान पर सपा के नेताओं को निशाने पर लेते हुए कहा कि सपा के लोग जो अपने ही परिवार को एक साथ नहीं रख सके वह समाज और देश को क्या जोड़ सकते हैं। असीम अरुण शहर विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा समर्थन में आयोजित जनसभा में हिस्सा लेने के लिए गाजियाबाद पहुंचे थे। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा की उपलब्धियों का बखान किया। अरुण ने कहा कि भाजपा की विचारधारा सबका साथ,सबका विकास के सिद्धांत पर आधारित है। यह पार्टी हर जाति और मजहब के लोगों से वोट प्राप्त कर रही है। उनका कहना था कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो समाज के हर वर्ग को जोड़ने का काम करती है। इसी कारण पार्टी को हर धर्म और जाति से समर्थन मिल रहा है। असीम अरुण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक हैं तो सेफ हैं नारे पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह नारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे के सिद्धांत को आगे बढ़ाता है। उन्होंने भारतीय राजनीति और इतिहास की ओर इशारा करते हुए कहा कि इतिहास साक्षी है कि जो विभाजनकारी ताकतें थीं, जिन्होंने समाज को तोड़ने की राजनीति की, उन्होंने विभाजन करके पाकिस्तान का निर्माण किया। आज पाकिस्तान की स्थिति किसी से छिपी नहीं है, जबकि भारत ने एकजुटता की दिशा में काम किया अब वह विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। मंत्री असीम अरुण ने सपा के पीडीए के नारे पर भी तीखा हमला किया। असीम अरुण ने शहर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जीत पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया। कहा कि भाजपा सभी नौ सीटें जीतने जा रही है।

# दिल्ली के अस्पताल से अपहृत शिशु को उत्तर प्रदेश के एक रेलवे स्टेशन से बचाया गया, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सफदरजंग अस्पताल से अपहृत डेढ़ महीने के एक शिशु को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन से बचाया गया और मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस ने राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के सहयोग से यह बचाव अभियान संचालित किया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) आकांक्षा यादव ने कहा, 'शिकायतकर्ता महिला 15 नवंबर को अपने पति के किडनी संबंधी इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल में थी, उस दौरान ही एक महिला ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया और उसका विश्वास हासिल कर बच्चे को अपनी गोद में ले लिया।' यादव ने बताया कि इसके बाद महिला एक व्यक्ति के साथ ऑटो रिक्शा में बैठकर फरार हो गई। पुलिस के मुताबिक, सफदरजंग एन्कलेव पुलिस थाने में तत्काल एक प्राथमिकी दर्ज की गई और सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) रणबीर सिंह की निगरानी में जांच शुरू की गई। यादव ने कहा, 'जांच दल गठित कर उन्हें दिल्ली-एनसीआर के सभी प्रमुख बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर निगरानी के लिए भेजा गया है।' उन्होंने बताया कि सफदरजंग अस्पताल से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करने के बाद महिला की पहचान कर ली गई और उसे आनंद विहार रेलवे स्टेशन तक ट्रैक किया गया, जहां दोनों संदिग्ध बरेली जाने वाली 'सद्भावना एक्सप्रेस' में सवार हो गए थे। यादव ने कहा, 'हालांकि, संदिग्धों ने भेष बदल रखा था, फिर भी उन्हें पकड़ लिया गया और बच्चे को बचा लिया गया। आरोपियों की पहचान माही सिंह (24) और रोहित कुमार (32) के रूप में हुई है। दोनों उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं।' उन्होंने कहा कि शिशु को उसके परिवार को सौंप दिया गया है।

# नया मंत्री नहीं बनाएंगी आतिशी, खुद संभालेंगी कैलाश गहलोत वाले सारे विभाग

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मंत्री कैलाश गहलोत ने इस्तीफा दे दिया है। उनके पास परिवहन विभाग समेत कई विभागों की जिम्मेदारी थी। अब जानकारी सामने आई है कि सीएम आतिशी ही इन विभागों की कमान संभालेंगी। इसके लिए उन्होंने दिल्ली के एलजी को प्रस्ताव भेज दिया है। दिल्ली की नजफगढ़ सीट से विधानसभा पहुंचने वाले कैलाश गहलोत के पास दिल्ली सरकार के कई विभागों की जिम्मेदारियां थीं। कैलाश गहलोत के पास कौन से विभाग थे कैलाश गहलोत के पास परिवहन मंत्रालय से लेकर गृह मंत्रालय तक की जिम्मेदारी थी। इसके अलावा उनके पास प्रशासनिक सुधार, महिला और बाल विकास, सूचना प्रोद्योगिकी और प्रशासनिक सुधार जैसे बड़े विभाग थे। अब इन विभागों की जिम्मेदारी सीएम आतिशी संभालेंगीं। पहले भी आतिशी पर दिखाया गया था भरोसा दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के पास इस समय करीब 13 विभागों की कमान है। इसके अलावा अब उनके पास और भी जिम्मेदारियां आ जाएंगीं। आपको बता दें कि उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के जेल में जाने के दौरान भी पार्टी ने आतिशी पर भरोसा जताया था। उस समय भी मनीष सिसोदिया के विभाग आतिशी के पास पहुंचे थे। इसमें शिक्षा मंत्रालय की चर्चा काफी हुई थी।